दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी


एक दिन का ट्रेलर रिलीज......


मधुबाला की बायोपिक ...

वर्ष : 12 | अंक : 114 | लखनऊ, 17 अप्रैल, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सुशासन की पहली शर्त होती है सुरक्षा, यह हर व्यक्ति को चाहिए: सीएम

## समय पर पुलिस भर्ती, ट्रेनिंग व सुविधाओं से बना सुरक्षा का बेहतर माहौल: सीएम, गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों का उद्घाटन किया

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिसकर्मियों के कार्य की गति बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना और सुशासन का बेहतरीन मॉडल खड़ा हुआ। सीएम योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों में मंदिर सुरक्षा से जुड़े अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस स्टोर रूम और मेंटिनेंस वर्कशाप बनाई गई है। इसके निर्माण पर 9.18 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा भवनों में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त होती है। हर व्यक्ति को सुरक्षा चाहिए। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। पर, हम उसका एक ही पक्ष देख पाते थे। पुलिस का सामान्य सिपाही हो या सब इंस्पेक्टर व डिप्टी एसपी, यदि उसकी ट्रेनिंग नहीं है तो वह भी एक कॉमन मैन (सामान्य व्यक्ति) ही होगा। पहले की सरकारों में भर्ती, ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता था। इसका परिणाम यह होता था कि बहुत से नौजवान पुलिस भर्ती में नहीं आना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने पुलिस महकमे में वर्ष 2017 के बाद आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि 9 साल पहले जब उनकी सरकार आई तो उस समय पुलिस बल में आधे से अधिक पद खाली थे। बीते 9 वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता एक समय में 3 हजार से अधिक नहीं थी, जबकि वर्तमान में अवस्थापना सुविधाओं के विकास का परिणाम है कि अब एक समय में 60 हजार पुलिस कार्मिकों की ट्रेनिंग करवाई जाती है। समय पर लिए गए निर्णय, और समय पर दिए गए संसाधनों के परिणामस्वरूप पुलिस को 200 गुना अधिक सुविधाओं से सम्पन्न किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि पहले थाना हो, चौकी हो, पुलिस लाइन हो या पीएसी वाहिनी, कहीं भी पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा और अच्छे बैरक नहीं थे। पुलिसकर्मी किराए पर रहकर जैसे-तैसे जीवन व्यतीत करता था। कई बार शिकायत आती थी कि पुलिस वाले ने घर पर कब्जा कर लिया है। वह कब्जा नहीं करता था। होता यह था कि उसके बच्चे की परीक्षा है और उसी समय मकान मालिक घर खाली करने को कह देता। इस पर वह झल्ला कर कहता, घर नहीं खाली करेंगे। आज ये सारी शिकायतें समाप्त हो गई हैं, क्योंकि सरकार ने हर पुलिस लाइन में आवासीय सुविधा दी है, बैरक बनवाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पुलिस थाने का भवन बनता था, लेकिन उसमें बैरक नहीं बनते थे। अन्य सुविधाएं भी नहीं उपलब्ध हो पाती थीं। बहुत बार पुलिस किसी अपराधी को पकड़कर लाती थी तो उसे रखने की व्यवस्था नहीं होती थी। ऐसे मौकों पर पुलिस असहाय दिखती थी। कई बार अपराधी भाग भी जाता था। लेकिन, पुलिस को अब असहाय बनने की आवश्यकता नहीं है। अब अपराधी भाग नहीं सकता, क्योंकि उसे थाने में ही रोककर रखने की सुविधाएं दी गई हैं। अब कोई थाने पर हमला नहीं कर सकता, क्योंकि थाने में पुलिस कार्मिकों के लिए अलग से बेहतरीन सुविधाओं से युक्त बैरक बनाए गए हैं। हर समय, हर थाने में पर्याप्त संख्या में पुलिस कार्मिक उपलब्ध होंगे। जो थाने की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम करेगा, उसका काम तमाम करने के लिए पुलिसकर्मी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता दिखाई देगा।

इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, एडीजी गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन, एडीजी सुरक्षा तरुण गाबा, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## घबराइए मत, बच्चे के इलाज में नहीं आने देंगे कोई बाधा

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। साथ में आए बच्चे को देखकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए।

मुख्यमंत्री ने महिला से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। जब महिला ने बताया कि उसका कार्ड नहीं बना है, मुख्यमंत्री ने कहा- घबराइए मत, बच्चे के इलाज में कोई भी बाधा नहीं आने देंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे और विवेकाधीन कोष से भी बच्चे के इलाज में आर्थिक सहायता देंगे। महिला का प्रार्थना पत्र लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि इसे श्रावस्ती के जिलाधिकारी को भेजकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। साथ ही डीएम के जरिये इलाज का इस्टीमेट भी शासन को उपलब्ध कराया जाए। गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने उनसे मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, घबराइए मत। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।

जनता दर्शन में श्रावस्ती से आई महिला को सीएम योगी ने दिया भरोसा ‖ जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं, समाधान के लिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### 28 साल बाद फैसला 15 आरोपियों को उम्रकैद

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में वर्ष 1998 के बहुचर्चित



हत्याकांड में करीब 28 साल बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय ने 15 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा होगी।

### धमकी के बाद स्पीकर गुप्ता को जेड सिक्योरिटी


**नई दिल्ली।** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को लगातार मिल रही



बम धमकियों और हालिया सुरक्षा चूक के बाद जेड श्रेणी की सुरक्षा दे दी गई है। विधानसभा परिसर की सुरक्षा भी पूरी तरह मजबूत की जा रही है। विधानसभा सचिवालय और अध्यक्ष कार्यालय को आधिकारिक ईमेल आईडी पर करीब 6-7 धमकी भरे ईमेल मिले।

### हरियाणा कांग्रेस ने 5 विधायकों को किया सस्पेंड

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिला नूंह की पुन्हाना सीट से विधायक



इलियास और जिला पलवल की हथीन सीट से विधायक इसराइल को कांग्रेस ने सस्पेंड कर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने अपने कुल 5 विधायकों पर अनुशासनहीनता के आरोप में कार्रवाई की गई है। यह निर्णय राज्यसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ मतदान पर लिया है।

### दिल्ली-कश्मीर के बीच मालगाड़ी सेवा आज से

**नई दिल्ली।** उत्तरी रेलवे ने गुरुवार को बताया कि शुक्रवार से नई



दिल्ली के आदर्श नगर से कश्मीर के बडगाम के बीच संयुक्त पार्सल प्रोडक्ट रैपिड कार्गो सर्विस (जेपीपी-आरसीएस) ट्रेन चलाई जाएगी। उत्तरी रेलवे के बयान के अनुसार यह ट्रेन नई दिल्ली के आदर्श नगर स्टेशन और मध्य कश्मीर के बडगाम के बीच संचालित होगी।

## संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों पर तीखी राजनीतिक बहस

# महिला आरक्षण को निष्कर्ष तक पहुंचाएंगे, परिसीमन को जरूरी बताया, पहले भी एक साथ कई विधेयकों पर चर्चा हुई

## गृह मंत्री शाह ने विपक्ष के तमाम आरोपों को किया खारिज, जवाब दिया




राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

**विपक्ष बोला- बिल एक साथ क्यों?**

संसद में आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों को लेकर जोरदार राजनीतिक बहस देखने को मिल रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकार इन दोनों अहम मुद्दों को एक साथ क्यों आगे बढ़ा रही है? इसी पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में साफ कहा कि दोनों विधेयकों को साथ लाने का उद्देश्य महिला आरक्षण को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना है। यह बयान उन्होंने कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल की आपत्ति के जवाब में दिया, जिसमें उन्होंने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का विरोध किया था। सरकार का कहना है कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए परिसीमन जरूरी प्रक्रिया है। इसी वजह से दोनों विधेयकों को एक साथ पेश किया गया है, ताकि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जा सके और लोकसभा व विधानसभा में सीटों का पुनर्गठन किया जा सके।



### कांग्रेस ने किया विधेयक का विरोध

शाह का ये जवाब कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल के जवाब में आया है। उन्होंने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक और अन्य विधेयकों को एक साथ लाना सही संसदीय प्रक्रिया नहीं है और यह नियमों के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा और इसके परिणाम भी हो सकते हैं।

### मतदान की प्रक्रिया अलग, साथ लाने में दोष नहीं

शाह ने कहा कि संविधान संशोधन और सामान्य विधेयकों पर मतदान की प्रक्रिया अलग होती है, इसलिए दोनों को साथ लाने में कोई दिक्कत नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण को पूरी तरह लागू करने के लिए इन सभी विधेयकों को एक साथ लाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इनका विषय एक ही है, इसलिए इन्हें साथ में चर्चा के लिए लाया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले भी ऐसे उदाहरण रहे हैं, जब एक साथ कई विधेयकों पर चर्चा हुई है, जैसे 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समय हुआ था। शाह ने केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 को पेश करने का प्रस्ताव दिया।

भाजपा ने विपक्ष पर किया पलटवार

### दक्षिण भारत को भ्रमित नहीं किया जा रहा, कोई छिपा एजेंडा नहीं : तेजस्वी



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने परिसीमन को लेकर कहा कि दक्षिण भारत के लोगों में बहुत बड़ा भ्रम फैलाया जा रहा है। सूर्या ने कहा कि परिसीमन कोई बैकडोर प्रोसेस नहीं है, ये संविधान के निर्धारित नियमों के आधार पर ही हो रहा है।

विपक्ष ने किया विधेयक का विरोध

### वेणुगोपाल को एक साथ लाने पर आपत्ति

सरकार की ओर से इस विधेयक को सामने रखने के साथ ही कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने इन तीनों विधेयकों



के पेश किए जाने का विरोध किया है। उन्होंने 131वां संशोधन विधेयक, केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 को सदन में लाने के खिलाफ आपत्ति जताई।

बिरला का दिखा अलग अंदाज

### थरूर जी ने ज्ञान दे दिया, राहुल और डीएमके को भी सुनाया



संसद के विशेष सत्र में 131वां संशोधन और परिसीमन विधेयक को लेकर जोरदार राजनीतिक टकराव देखने को मिला। सरकार ने लोकसभा में 3 अहम विधेयक पेश करने की प्रक्रिया शुरू की। विपक्ष ने कड़ा विरोध जताया। इसी बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एक अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने कांग्रेस नेता शशि थरूर राहुल गांधी और डीएमके सांसदों पर टिप्पणी की। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान कहा 'शशि थरूर जी ने ज्ञान दे दिया वेणुगोपाल जी को। या तो वेणुगोपाल जी ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाए तो शशि थरूर जी को बोलने दिया।



### हरिवंश फिर होंगे राज्यसभा के उपसभापति, आज निर्वाचन

हरिवंश नारायण सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा सचिवालय में उपसभापति पद के लिए नामांकन किया। वे जनता दल(यू) से 2 निर्वाचित एवं दोनों बार राज्यसभा के उपसभापति रहे हैं।

### अखिलेश ने इस पर जल्दीबाजी और धोखेबाजी का लगाया आरोप



सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि महिला विधेयक के पक्ष में हैं हम। आपको जल्दीबाजी क्यों है? आप जनगणना क्यों नहीं कराना चाहते? सेंसस ये इसलिए नहीं करना चाहते हैं कि जैसे ही जनगणना होगी, हम सब लोग जाति गणना मांगेंगे, जाति की गिनती के बाद हम आरक्षण मांगेंगे। इसलिए धोखा देकर लाना चाहते हैं।

### डीएमके के बालू ने तीनों बिलों का किया विरोध सैंडविच बिल बताया



डीएमके सांसद टीआर बालू ने तीनों बिलों का विरोध करते हुए कहा कि ये तीनों बिल सैंडविच बिल हैं, हम विरोध करते हैं क्योंकि ये आपस में जुड़े हुए हैं। हमारी पार्टी इसका विरोध करती है। हमने काले झंडे दिखाए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बीच में रोकते हुए कहा, 'आप चाहे पीले झंडे दिखाओ या काले दिखाओ। इससे सदन को कोई फर्क नहीं पड़ता।

### बिहार के 4 नेताओं ने ली राज्यसभा में शपथ



गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के जरिए निर्वाचित हुए 4नेताओं ने उच्च सदन में शपथ ली। इन चार नेताओं में दो राजनीतिक दल के प्रमुख हैं। इनमें पहला नाम है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और दूसरा नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का है। दोनों नेता राज्यसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।

## तिरंगे पर अशोक चक्र के प्रदर्शन के संबंध में दिशा-निर्देश देने की मांग

# याचिकाकर्ता भावुक न हों, कुछ रचनात्मक कार्य करें

## सीजेआई, जस्टिस बागची और जस्टिस पंचोली की पीठ ने कहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

**बेंच ने सुनवाई से किया इनकार**

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इसमें केंद्र और अन्य पक्षों को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे राष्ट्रीय ध्वज पर अशोक चक्र के प्रदर्शन के संबंध में दिशा निर्देश तैयार करें। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची तथा जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे समाज के लिए कुछ रचनात्मक कार्य करें। सीजेआई ने कहा, इतना भावुक न हों।



### यह सब अधिकारियों पर निर्भर

सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपका विचार अच्छा है। आपने संबंधित अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया है। अब यह अधिकारियों पर निर्भर करता है कि वे इस संबंध में क्या कदम उठाना चाहते हैं?

**याची ने एक तस्वीर पेश की थी**

उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा कि उन्हें यह सुनकर दुख हुआ कि एक बच्चे ने कहा कि अशोक चक्र बंदर जैसा दिखता है। याचिकाकर्ता ने वाराणसी के एक चौराहे पर स्थापित अशोक चक्र की एक तस्वीर पीठ के समक्ष प्रस्तुत की थी।

जस्टिस स्वर्ण कांता व केजरीवाल

### दोबारा नहीं होगी सुनवाई, अतिरिक्त हलफनामे को रिकॉर्ड पर लिया



दिल्ली हाईकोर्ट में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल से जुड़े मामले में अहम सुनवाई हुई। कोर्ट ने केजरीवाल के अतिरिक्त हलफनामे को रिकॉर्ड पर लेने की अनुमति दे दी है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मांग पहले ही खारिज की जा चुकी है। कोर्ट सुने तो कोई आपत्ति नहीं है।

गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में आग

## एक-एक करके फटे सिलेंडर, 6 बच्चों के लापता होने की आशंका

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



यहां के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे भीषण आग लग गई। इसमें 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जल उठीं। आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। आग में करीब 6बच्चों के लापता होने की बात सामने आ रही है। हालांकि किसी अधिकारी ने अभी यह पुष्टि नहीं की है।

आग के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं।

## संक्षेप

### महिला मोर्चा में मचा घमासान, तीन दिन में दूसरा इस्तीफा

बीघापुर, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा में लगातार हो रही उठापटक ने संगठन के भीतर हलचल बढ़ा दी है। धानीखेड़ा मंडल की महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अनुपमा सिंह निवासी खरझारा ने कार्यकताओं की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा जिला अध्यक्ष को सौंप दिया है। खास बात यह है कि तीन दिन के भीतर यह दूसरा इस्तीफा है, जिससे संगठन में असंतोष की चर्चा तेज हो गई है।बताया जा रहा है कि इससे पहले 14 अप्रैल को धानीखेड़ा मंडल की महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम पांडे ने भी लगातार उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपना त्याग पत्र जिला अध्यक्ष को भेज दिया था।लगातार दो अहम पदाधिकारियों के इस्तीफे से महिला मोर्चा की आंतरिक स्थिति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। वहीं, संगठन स्तर पर अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### खेत से वापस घर जा रहे युवक को जहरीले कीड़े ने काटा हुई मौत

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव विक्रमपुर में एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। गांव निवासी रंजीत कुमार (40) पुत्र नन्द किशोर बुधवार देर रात गेहूं की थ्रेसरिंग का काम खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी खेतों में किसी जहरीले कीड़े के काटने से उनकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उन्हें बीघापुर के सौ बेड अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था—रास्ते में ही रंजीत कुमार ने दम तोड़ दिया। अचानक हुई इस मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सोनी, पुत्री खुशबू, पुत्र रितिक और मां राजेश्वरी को छोड़ गए हैं। गांव में भी इस घटना के बाद शोक की लहर फैल गई है। थाना प्रभारी राजपाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### साड़ी सेंटर में लगी आग हजारों का सामान जलकर राख

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। कस्बा फतेहपुर चौरासी बाजार में ज्वेलर एंड साड़ी सेंटर की दुकान स्थित है।बुधवार की रात श्याम जी वर्मा दुकान बंद करके घर चले गए थे, रात को ही स्थानीय लोगो ने फोन पर सूचना दी कि कपड़े की दुकान में आग लग गई है।उन्होंने बताया कि दो मंजिल की दुकान के ऊपरी वाले मंजिल में कपड़े का व्यवसाय होता है।जिसमें आग लग गई है।स्थानीय लोगों ने बा मुश्किल आग पर काबू पाया।

सूचना पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गया।श्याम जी वर्मा ने बताया कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी है।जिसमें कपड़ा सहित लाखों का नुकसान हुआ है।

# गौशाला की दुर्दशा देख बजरंग दल के कार्यकताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सिकंदरपुर सिरोसी ब्लॉक के ग्राम सम्भर खेड़ा स्थित गौशाला में अव्यवस्थाओं को लेकर बजरंग दल के कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। गौशाला में गोवंश की दयनीय स्थिति की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और जिम्मेदारों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की।



कार्यकताओं का आरोप है कि गौशाला में बंद गोवंश की हालत बेहद खराब है और उनकी उचित देखभाल नहीं की जा रही है। बजरंग दल के पदाधिकारी जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि गौशाला का गेट बंद था और उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही थी, जिससे कार्यकताओं में आक्रोश और बढ़ गया।जिला संयोजक नितिन शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं ने बताया कि ग्राम प्रधान को सुबह से कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया और न ही मौके पर पहुंचे। कार्यकताओं का कहना था कि यदि गौशाला में सब कुछ सही होता तो गेट बंद रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती।इस दौरान मौके पर जिला सह संयोजक वैभव, जिला गौरक्षा प्रमुख विकास प्रजापति, प्रखंड संयोजक विकास चौहान सहित सोमेश, विजय, रज्जत सिंह, शिवम, शुभम, शिवमंगल, दीपक, सुमित, पंकज, अमित और विराज समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में गौशाला की स्थिति सुधारने की मांग की।कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि गौशाला में गोवंश के लिए न तो पर्याप्त चारे की व्यवस्था है और न ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कई मवेशियों के बीमार होने की भी आशंका जताई। कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा, ताकि उच्च स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# परिषदीय विद्यालयों में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। परिषदीय स्कूलों में नारी शक्ति वंदन अभियान के प्रथम चरण में माता अभिभावकों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। अपर मुख्य सचिव बेसिक/माध्यमिक शिक्षा के निदेर्शानुसार सभी परिषदीय व माध्यमिक स्कूलों में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकास खण्ड हिलौली के उच्च प्राथमिक स्कूल भवानीगंज में नोडल शिक्षक डॉ० पल्लवी मिश्रा के निर्देशन में नारी वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं द्वारा बनाए गये हैंड मेड बुके व बैज द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही छात्राओं द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। स्कूल के शिक्षक व प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया ने अपने उद्बोधन में मिशन शक्ति, नारी सशक्तिकरण व बालिका




शिक्षा पर जोर दिया। अभियान के प्रथम दिन स्कूल में 70% से अधिक उपस्थिति देने वाली छात्राओं की माता अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इसका अगला चरण 17 अप्रैल व 20 अप्रैल को वाद-विवाद प्रतियोगिता व पेंटिंग के साथ समापन होगा। स्कूल के प्रधान शिक्षक कमलेश कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित माता अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान वंदना शर्मा, सतीश कुमार, माया, राजश्री, सलमा, संगीता, अर्चना, पुनीत गुप्ता समेत सभी शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# डंपर ने रोडवेज बस में पीछे से मारी टक्कर दर्जनों घायल

**हादसा**

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में लखनऊ कानपुर हाईवे पर स्टेडियम के पास बुधवार देर रात बलरामपुर डीपो की रोडवेज बस में तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें रोडवेज क्षतिग्रस्त हो गई इस दौरान करीब एक दर्जन सवारिया घायल हो गई। घटना के वक्त सांसद साक्षी महाराज के सहयोगी अमितेश सिंह नंदू हाइवे से गुजर रहे थे। यात्रियों की चीख पुकार सुनकर रुक गए तुरंत पुलिस को सूचना दी और अपने साथियों के साथ मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने लगे जब देखा दो सीटों के बीच में एक यात्री का पैर बुरी तरह से फस गया है तो अपने साथियों की मदद से उस युवक को भी सूरक्षित बाहर निकाला । जिसके बाद दही पुलिस



घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल यात्री रवि कुमार पुत्र विनोद कुमार रवि पांडे पुत्र स्व राजकुमार निवासी लाल बंगला थाना चकेरी कानपुर व डंपर चालक परिचालक इंदल लोधी निवासी बड़ेयावाला थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा और अन्य यात्रियों को कानपुर जा रही दूसरी बस में सुरक्षित बैठाकर गन्तव्य को भेज दिया। घटना के समय रोडवेज बस में 29 यात्री सवार थे। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि डंपर को पकड़ लिया गया। रोडवेज बस को थाने मेंखडी करवा दिया गया है।

# घर के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित मगरवारा चौकी इलाके में दिनदहाड़े एक बुलेट मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घर के बाहर खड़ी रॉयल एनफील्ड क्लासिक बाइक को चोर ने मात्र 20 सेकंड में चुरा लिया और फरार हो गया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

मगरवारा निवासी 50 वर्षीय दिनेश जायसवाल की रॉयल एनफील्ड क्लासिक बाइक को अज्ञात चोर ने उस समय निशाना बनाया, जब वह अपने घर के बाहर खड़ी थी। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने यह बाइक हाल ही में खरीदी थी और यह उनके लिए काफी महत्वपूर्ण थी। घटना के समय दिनेश जायसवाल किसी काम से लखनऊ गए हुए थे।लखनऊ जाते समय ही उन्हें फोन पर चोरी की सूचना मिली, जिसके



बाद वह तुरंत वापस लौटे। घर पहुंचकर उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक युवक चेहरे पर मास्क और सिर पर लाल टोपी पहने बड़ी आसानी से बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। फुटेज से यह भी संकेत मिलता है कि आरोपी को इलाके की अच्छी जानकारी थी और उसने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया।सूचना मिलते ही मगरवारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी रवि शंकर पाण्डेय ने बताया कि आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है और संदिग्ध की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला ऑटो चालक का शव

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव के युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर से कुछ दूरी स्थित अपने खेतों में नीम के पेड़ से पुआल की रस्सी को मौत का फंदा बनाकर फांसी पर लटक गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर विधिक कार्रवाई कर पीएम को भेज दिया।बुधवार देर रात पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गाँव तौरा निवासी जीतेन्द्र कुमार 40 पुत्र रामसजीवन घर से करीब 9 बजे खाना खाकर बाहर निकल गए। काफी समय तक वापस न आने पर परिजन खोजबीन करने निकले। खोजबीन करते खेतो पर जाकर देखा कि घर से करीब 800 मीटर दूर स्थित अपने खेतों में नीम के पेड़ से पुआल की रस्सी को मौत का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। फांसी पर लटका देख परिजन सन्न रह गए। परिजन जीतेन्द्र को फंदे से उतारकर निजी साधन से लेकर आनन



फानन बिछिया पहुँचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँचे हल्का दरोगा गंगाप्रसाद ने शव की विधिक कार्रवाई पूरी कर पीएम को भेज दिया है। मृतक जीतेन्द्र निजी सीएनजी ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। जीतेन्द्र की मौत से आहत पत्नी रेनू व 14 वर्षीय बेटी सगुन सहित परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक भुवन सिंह ने बताया कि शव पीएम को भेज दिया गया है मृतक के छोटे भाई ने कुछ घरेलू कलह की लिखित शिकायत दी थी जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की पीआरवी टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार, सहजनी-फत्तेपुर मार्ग पर ग्राम फत्तेपुर के बाहर सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना डायल 112 पर मिली थी। पीआरवी 6806 और गंगाघाट थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जांच के दौरान मृतक की पहचान फत्तेपुर, गंगाघाट निवासी लाखन (48) पुत्र सुन्दरलाल पासी के रूप में हुई।परिजनों ने बताया कि लाखन बुधवार शाम को घर से सामान लेने निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। गुरुवार सुबह गांव के



बाहर सड़क किनारे उनका शव मिलने की सूचना मिली, जिससे परिवार में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया शव पर किसी स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं और यह मामला संदिग्ध है। परिजन घटना की गहन जांच की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी (सीओ सिटी) दीपक यादव और इंस्पेक्टर गंगाघाट अजय सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से बातचीत कर जानकारी ली, जिसके बाद जांच के निर्देश दिए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर एसडीएम को

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। डा भीमराव अंबेडकर पर सोशल मीडिया मे अभद्र टिप्पणी करने को लेकर वीरा मार्शल आर्मी संगठन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है । गुरुवार को वीरा मार्शल आर्मी संगठन उत्तर प्रदेश के महामंत्री अमित रावत ने उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह को ज्ञापन देकर बताया कि डा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सिद्धार्थ शुक्ला नाम के युवक ने सोशल मीडिया पर डा भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए उन्हें समाज विरोधी बताया है ।जो ब्राह्मण और ठाकुर अंबेडकर की जयंती मनाते है वह देशद्रोही है । उन्होंने इस तरह की सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया। इस मौके पर महेश पासी , जगमोहन पासी , रमेश ,राम मोहन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# नारी शक्तिवंदन अधिनियम के तहत एक दिवसीय प्राचार्या बनी बीए की छात्रा

अमन लेखनी समाचार

मौरावा, उन्नाव। राजकीय महाविद्यालय, लोटना में प्राचार्य डॉ. प्रशांत जी के निर्देशन एवं अनुशंसा के तहत ₹नारी शक्तिवंदन अधिनियम₹ विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग करते हुए नारी शक्ति दीवार हस्ताक्षर अभियान चलाया एवं मानव श्रृंखला बनाकर समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।इस अवसर पर बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा श्रेया शुक्ला को एक दिन के लिए प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया, जिससे छात्राओं में नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास हो सके।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता रही। महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावी बनाया। वही छात्रा श्रेया शुक्ला ने कहाँ सभी छात्र, छात्राये मन लगाकर पढ़े और अपने माता पिता सहित गांव, जिला एवं देश का नाम रोशन करे ह्न उसनेअपने पिता बीरेंद्र शुक्ला का नाम लेते हुए कहा उन्होंने ही यह आदर्श हमें दिए हैं बेटी आप भी शिक्षित बनो दूसरी बेटियों को भी शिक्षित बनाओ



# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जैतीपुर रेलवे स्टेशन से पांच सौ मीटर दूर सराय इंदल मार्ग पर बृहस्पतिवार को एक बाग में युवक का शव नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका पाया गया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी नंदलाल (45) पुत्र छेदीलाल पेंटिंग का काम करता था। बृहस्पतिवार सुबह अजगैन कोतवाली क्षेत्र सराय इंदल मार्ग पर जैतीपुर रेलवे स्टेशन से पांच सौ मीटर दूर परिवार के ही चाचा कमलेश की बाग में नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से शव लटका मिला। राहगीरों ने शव को पेड़ से लटकता देख सूचना परिजनों व अजगैन पुलिस को दिया। परिजनों ने फंदे से शव लटका देखा तो कोहराम मच गया। मृतक के दो बेटी अंशु व प्रांशु हैं एक बेटा अभिषेक है जो कि दुबई में है। पति की मौत से पत्नी बिटान सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# दसवीं वी की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के जहां जवाहर नवोदय विद्यालय काली मिट्टी के छात्रों ने उइरए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया । क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय काली मिट्टी में इस वर्ष कक्षा 10वीं के उइरए परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यानी विद्यालय के सभी छात्र सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए हैंह्नइस शानदार उपलब्धि में वैभवी यादव ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया । वहीं प्रतीक यादव और ऋतिक रावत ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया इसके अलावा अक्षय दीप ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा पुरी और उपप्राचार्य रोहित कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस सफलता के लिए बधाई द साथ ही छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

# आग से तीन वर्षीय मासूम झुलसी, इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सुदर्शन खेड़ा गांव में बीती रात एक घर में आग लगने से तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई थी, जिसे इलाज के लिए कई अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। आग की यह घटना देर रात हुई, जिसमें घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घर के अंदर सो रही तीन साल की बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। उसे तत्काल नवाबगंज कस्बे के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे उन्नाव जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से बच्ची को कानपुर के हायर सेंटर भेजा गया। बच्ची की मां लक्ष्मी ने बताया कि कानपुर के अस्पताल से भी उन्हें जवाब दे दिया गया था, जिसका अर्थ है कि वहां भी इलाज संभव नहीं हो पाया। बच्ची की मां लक्ष्मी ने घटना के बारे में बताया, ₹मुझे नहीं पता कि मेरे घर में आग कैसे लगी। बच्ची घर पर लेटी थी और मैं किसी काम से घर के बाहर गई थी। अचानक पड़ोसियों ने मेरे घर में आग जलते देखी और शोर मचाया। जब मैं घर पहुंची, तो मेरी बेटी गंभीर रूप से जल चुकी थी और हमारा घर जलकर राख हो गया था।बच्ची की मां लक्ष्मी ने घटना के बारे में बताया, ₹मुझे नहीं पता कि मेरे घर में आग कैसे लगी। बच्ची घर पर लेटी थी और मैं किसी काम से घर के बाहर गई थी। अचानक पड़ोसियों ने मेरे घर में आग जलते देखी और शोर मचाया। जब मैं घर पहुंची, तो मेरी बेटी गंभीर रूप से जल चुकी थी और हमारा घर जलकर राख हो गया था।₹ लक्ष्मी ने आगे बताया कि वे बहुत गरीब हैं और उनके पति भी उनकी सहायता नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पति शराब के नशे में पूरा दिन इधर-उधर रहते हैं। आज सुबह बच्ची के मामा ने बच्ची की मौत की सूचना दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहित की मौत, ससुरालीजनो पर हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना में बुधवार विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी मृतका के भाई ने ससुराली जनो पर हत्या का आरोप लगाया था गुरुवार पीएम के बाद शव मृतका के शव का पति ने गांव मे ही स्थिति खेत में अंतिम संस्कार कर दिया। हमीरपुर गांव निवासी गौतम की पत्नी सावित्री ने बुधवार की दोपहर घर के अंदर कमरे में लगे पंखे के हुक में दुपट्टे से फासी लगा ली थी पति फंदे से उतार कर मियागंज अस्पताल ले गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया था घटना की सूचना पर मृतका के भाई बीरेन्द्र कुमार रावत ने अस्पताल पहुंच कर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया था जिस पर नायब तहसीलदार हसनगंज की मौजूदगी में शव पीएम के लिए भेजा गया था गुरुवार पीएम के बाद पति को




सौंप दिया गया जिसका अंतिम संस्कार गांव में ही कर दिया गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है पीएम मे हैगिंग से मौत की पुष्टि हुई है शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# कम पानी वाली फसलों को दी जाए प्राथमिकता

मौसम के बदलते मिजाज ने एक बार फिर दकृषि व्यवस्था के सामने कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। निजी एजेंसी स्काईमैट वेदर के बाद अब सरकारी संस्था भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी इस साल मानसून के सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। स्काईमैट जहां 6% और आईएमडी 8% तक कम बारिश का अनुमान दिया है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, इसके पीछे छिपी है ग्रामीण भारत की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और महंगाई की संभावित मार। तीन साल बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है जब बारिश औसत से कम रह सकती है। इसका सीधा असर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे कृषि प्रधान राज्यों पर पड़ेगा जहां खेती केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पिछले वर्ष 2025 में देश ने सामान्य से अधिक वर्षा देखी, लेकिन वह भी राहत नहीं दे सकी। कई क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया, खेतों में जलभराव से फसलें गल गईं। अगली फसल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यानी समस्या केवल 'कम' या 'ज्यादा' बारिश की नहीं, बल्कि 'असंतुलित' बारिश की है। कुल मिलाकर आने वाला समय खाड़ी युद्ध के बीच आर्थिक और सामाजिक तौर पर चुनौती पेश करने वाला होगा। इस बार कम बारिश के हालात देखते हुए सरकार को पहले से ही तैयार रहना होगा और किसानों को कम पानी वाली उन्नत फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करना होगा। इसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे, ताकि समय रहते किसानों को प्रेरित और जागरूक किया जा सके। सरकार फसलों के विविधिकरण के लिए भी अनुदान बढ़ाए और किसानों को उन्नत बीज सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान करे। यही वह समय है जब कृषि नीति में निर्णायक बदलाव की जरूरत है। कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों जैसे बाजरा, ज्वार, दालें और तिलहन को प्राथमिकता देनी होगी। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सीधे आर्थिक प्रोत्साहन जैसे अधिक अनुदान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और उन्नत बीजों की सुलभ उपलब्धता देनी होगी। जब तक किसान को यह भरोसा नहीं होगा कि कम पानी वाली फसलें भी उसे समान या बेहतर आय देंगी, तब तक बदलाव संभव नहीं। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुका है। यह बदलाव जितनी जल्दी होगा, उतना ही देश के जल संसाधनों और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा। मनरेगा जैसी योजनाओं का भी इस संदर्भ में बेहतर उपयोग किया जा सकता है। गांवों में तालाब, चेक डैम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कर सिंचाई क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल खेती को सहारा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा, आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है। 'हर बूंद से अधिक फसल' का नारा तभी सार्थक होगा, जब इसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। कमजोर मानसून का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता। यह ग्रामीण मांग को प्रभावित करता है, जिससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। खाद्य उत्पादन घटने पर महंगाई बढ़ती है, जिसका बोझ हर नागरिक को उठाना पड़ता है। इसलिए यह मुद्दा केवल किसानों का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देना विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरत है।

# बाबा साहेब : दो युग-एक दृष्टि



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

> बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।" 1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं। भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाने के लिए किए गए बाबा साहेब के आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना भी असंभव है।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को उत्साह के साथ मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अस्पृश्यता के विरोध में आन्दोलन, संविधान निर्माता, श्रम नीति कर निर्माण, विधि व्यवस्था एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति वह सदैव समर्पित थे। अपने देश की समस्त समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक पद्धति से संविधान द्वारा ही खोजने का आग्रह उन्होंने किया था। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के वह सदैव पक्षधर थे । 25 दिसंबर 1952 में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि "आज के युग में संपत्ति ही आजादी का अधिकार है। जब तक महिलाओं को संपत्ति में वारिस नहीं माना जाता, तब तक उनकी गुलामी खत्म होने वाली नहीं है।" जिस समय देश बाबा साहेब की जयंती मना रहा है उसी के निकटवर्ती समय में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद विशेष सत्र बुलाकर "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के प्रस्ताव को पारित करने की ओर अपने ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है । ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जीएवं उन सदृश महापुरुषों के सपनों एवं संकल्पों को ही पूर्ण कर रहे हैं ।

भारतीय चिंतन में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग देखना यह दृष्टि नहीं रही है। दोनों में एक ही तत्व है । केवल भौतिक शरीर रचना में अंतर दिखाई देता है । इस दृष्टि को समाज में स्थायी बनाने के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने स्त्री को आदिशक्ति, अर्धनारीशवर आदि के माध्यम से स्थापित किया था। स्त्री के प्रति सम्मान का भाव "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः" जैसे अनेक वेदमन्त्रो में उदभाषित होता है। वेद में वर्णित अनेक ऋषिकाओं जैसे मैत्रीयी, अपाला, लोपामुद्रा, गार्गी, अदिति आदिने शिक्षा में अपना योगदान दिया। सुशासन एवं समाज सुधार की प्रतीक अनेक महिला बनीं । स्वतंत्रता के आंदोलन में भी अपना योगदान देकर भारतीय महिलाओं ने अपना जीवन उत्सर्ग किया। जिससमय पश्चिमी जगत में स्त्री को वोट का अधिकार एवं समानता का अधिकार दें अथवा न दें, इस विषय पर विवाद चल रहा था, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के समान ही महिलाओं को समान मैत्रेयी अधिकार देकर अपने प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण का पालन ही किया था। बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।"1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं।" बाबा साहेब द्वारा भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाए जाने के लिए आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना असंभव है। विवाह की आयु 18 वर्ष, एक विवाह को



वैधता, गोद लेने का अधिकार जैसे कानून बनवाना, महिला सशक्तिकरण में बाबा साहेब का महती योगदान है। गर्भवती महिलाओं को प्रसूति अवकाश यह बाबा साहेब की ही देन है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 16 में स्त्री-पुरुषों की समानता का अधिकार, नौकरियों में स्त्रियों को समान अधिकार एवं समान वेतन दिलाने में बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदू कोड बिल, जिसमें महिलाओं को तलाक का अधिकार,बहुविवाह से संरक्षण, संपत्ति में पुत्री का पुत्र के समान अधिकार मिलनाजिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से उनकी असहमति सभी को ज्ञात है जो उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र का भी एक कारण बनी थी। केवल हिंदू महिला ही नहीं बाबासाहेब ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की भी पुरजोर वकालत की थी। बाबा साहेब ने 1928 में ही कहा था कि "राष्ट्रहित में है कि माता को प्रसव-पूर्व एवं पश्चात आराम मिलना चाहिए। भारत का पहला मातृत्व लाभ विधेयक उन्होंने ही प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "नारी तू नारायणी" के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक प्रयास किए। समाज में जागरण के साथ-साथ लिंगानुपात में वृद्धि, समाज में सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व आदि की दिशा में वह प्रयास सराहनीय है। मातृशक्ति की कठिनाइयों को समझकर 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण जिसका उन्होंने इज्जतघर कहा वह ऐतिहासिक पहल थी। घर तक जल पहुँचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला को मालिकाना हक, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान ने न केवल लिंगानुपात में परिवर्तन किया बल्कि बेटी बोझ है की मानसिकता से भी मुक्ति दिलाई है। स्टार्टअप्स, मुद्रा योजना, जनधन खातों में 55% महिला भागीदारी, स्टैंड अप इंडिया, स्वयं सहायता समूह, जिसमें 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता है, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाओं से आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाया है। गणतंत्र दिवस की परेड का नेतृत्व, सेना में अवसर,नमो ड्रोन दीदी, ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग महिलाओं द्वारा आदि ने महिलाओं के प्रति सम्मान को बहुगुणित किया है। तीन तलाक से मुक्ति के कानून ने मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है ।

नारी केवल मतदान तक सीमित न रहते हुए निर्णय प्रक्रिया में उसका योगदान हो, इस उद्देश्य से 16,17 एवं 18 अप्रैल में संसद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है । लंबे समय से लंबित यह कानून मोदी सरकार ने 2023 में पास किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 अप्रैल 2026 को संविधान संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की है। लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिये संसद की स्वीकृति के बाद यह स्त्री को सशक्तबनाने में सहायक होगा। जिसका परिणाम होगा कि 50% देश की जनसंख्या में सहभागी महिला शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर ने 100 वर्ष पूर्व स्त्री के सम्मान का जो सपना देखा था, जिसको संविधान एवं संसद के माध्यम से उन्होंने पूर्ण करने का प्रयास भी किया था, आज 100 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसको पूर्ण कर रहे हैं। समस्त विपक्षी दल उनके आह्वान अनुसार "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम को पारित करने में सहायक बनें, बाबा साहेब के जन्म दिवस पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी

## सुरों की अमर सरगम
सुनील कुमार महला



# आशा का अविस्मरणीय अनूठा व यादगार सफर

मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोसले का 12 अप्रैल 2026 को 92 वर्ष की आयु में 'कार्डियक अरेस्ट' के कारण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। चेस्ट इंफेक्शन और अत्यधिक थकान के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उनके निधन के साथ ही हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम और सुरम्य अध्याय समाप्त हो गया। 8 सितम्बर 1933 को सांगली (महाराष्ट्र) में जन्मी आशा, महान शास्त्रीय गायक दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। उनके परिवार में उषा मंगेशकर, मीना खाडिकर और हृदयनाथ मंगेशकर जैसे प्रतिभाशाली सदस्य भी संगीत साधना से जुड़े रहे। पिता के असमय निधन के बाद उन्होंने बहुत कम उम्र में ही परिवार की जिम्मेदारियां संभालीं और परिस्थितियोंवश गायन को अपनाया-इसी कारण वे स्वयं को 'एक्सीडेंटल सिंगर' भी कहा करती थीं। उनके निजी जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए। उनका पहला विवाह गणपत राव भोसले से हुआ, जो सफल नहीं रहा। बाद में उन्होंने 1980 में प्रसिद्ध संगीतकार आर. डी. बर्मन (पंचम दा) से विवाह किया। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि पंचम दा उनसे लगभग छह वर्ष छोटे थे। वे पहली बार आशा से ऑटोग्राफ लेने आए थे और बाद में विवाह का प्रस्ताव रखा। प्रारंभ में आशा ने इसे अस्वीकार किया, किंतु अंततः यह संबंध जीवन और संगीत-दोनों में अमर सिद्ध हुआ। इस जोड़ी ने हिंदी फिल्म संगीत को अनेक कालजयी गीत दिए। उल्लेखनीय है कि आशा भोसले को फिल्म उमराव जान (1981) की ग़ज़लों के लिए अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वे केवल चंचल या कैबरे गीतों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि गंभीर और शास्त्रीय विधाओं में भी उतनी ही समर्थ थीं। इतना ही नहीं, वर्ष 2000 में उन्हें प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और वर्ष 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उन्होंने एस. डी. बर्मन, ए. आर. रहमान और किशोर कुमार जैसे महान कलाकारों के साथ अनगिनत लोकप्रिय गीत दिए। 62 वर्ष की आयु में फिल्म रंगीला के 'तन्हा तन्हा' और 'रंगीला रे' जैसे गीतों ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी आवाज़ में युवाओं जैसी ऊर्जा आजीवन बनी रही। 'आओ हुजूर तुमको' (फिल्म किस्मत) जैसे गीतों में उनका सहज, बिना रिहर्सल का भाव-संयोजन आज भी मिसाल माना जाता है। गायन के अतिरिक्त उन्होंने अभिनय (एक्टिंग) में भी रुचि दिखाई और 2013 में फिल्म माई से मुख्य अभिनेत्री के रूप में पदार्पण किया। वे उत्कृष्ट पाक-शैली की शौकीन थीं; उनका कहना था कि यदि वे गायिका न होतीं, तो एक बेहतरीन कुक बनतीं। कहते हैं कि उनके हाथ का 'कढ़ाई गोश्त' और 'मछली' किशोर कुमार और आर. डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के बीच बेहद लोकप्रिय था। उनके नाम से 'आशा'ज' रेस्टोरेंट श्रृंखला दुबई, कुवैत, बहरीन और यूनाइटेड किंगडम में प्रसिद्ध रही, जो उनकी व्यावसायिक समझ का भी प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ उन्होंने-'यू आर द वन फोर मी' गीत गाया। वर्ष 2005 में-' यू हैव स्टोलन माई हर्ट' एल्बम क्रोनोस क्वार्टेट के साथ रिकॉर्ड किया, जो ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकित हुआ। यहां यह उल्लेखनीय है कि वे ग्रैमी के लिए नामांकित होने वाली अग्रणी भारतीय गायिकाओं में शामिल रहीं। उन्होंने अंग्रेजी, रूसी, मलय और चेक जैसी विदेशी भाषाओं में भी गीत गाए, जिनमें उनका उच्चारण अत्यंत सटीक था। साथ ही, वे मिमिक्री कला में भी निपुण थीं। उनका व्यक्तिगत जीवन भी गहरे दुखों से गुज़रा। वर्ष 2012 में उनकी बेटी वर्षा और 2015 में पुत्र हेमंत का निधन हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। इसके बावजूद उन्होंने कभी अपने चेहरे की मुस्कान और संगीत के प्रति समर्पण को कम नहीं होने दिया। 80 वर्ष की आयु के बाद भी वे मंच पर सक्रिय रहीं, जो उनके अदम्य उत्साह और जीवटता का प्रमाण है। उनका सिग्नेचर लुक-सफेद साड़ी और मोतियों का हार-उनकी सादगी, गरिमा और विशिष्ट पहचान का प्रतीक बन गया।

# धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?



संकलित
दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए- किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं।

*-श्री श्री रविशंकर*

# सुख-दुख आते रहेंगे, हमें भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शहीदों की याद दिलाता बैसाखी

बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर हिंदुओं और सिक्खों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। इसी दिन 13 अप्रैल 1699 को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को उत्साह-हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसके अलावा इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल, 1919 बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने पंजाब के जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है। अंग्रेजों ने अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में अपने कायरतापूर्ण काम को अंजाम दिया था। यह अवसर हमें शहीदों की याद दिलाता है।

*- दविन्दर सिंह चावला, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### बलिदानियों को श्रद्धांजलि



जलियांवाला बाग नरसंहार के सभी अमर बलिदानियों को मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ उनके अदम्य साहस और स्वाभिमान की गाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मैं सभी को नमन करता हूं।

**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### कविगुरु के सपनों का बंगाल



भाजपा सरकार बंगाल के गरीबों से कटमनी लेने वाली टीएमसी सिंडिकेट को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेगी। हिंदुओं के साथ हुई हिंसा और अत्याचार की जांच करेगी। टीएमसी ने 'सोनार बांग्ला' को सिंडिकेट राज बना दिया, भाजपा कविगुरु के सपनों का बंगाल बनाएगी।

**-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### ठंडे बस्ते में जाति जनगणना



सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा, लेकिन बिहार व तेलंगाना ने 6 माह से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। स्पष्ट है कि सरकार जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है।

**-जयराम रमेश**, कांग्रेस महासचिव

### चीन की शरारती कोशिश



भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है। झूठे दावे जमीन की हकीकत नही बदल सकते। अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

**-रंधीर जायसवाल**, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

## करंट अफेयर

# पाक के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीम पर हमला



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल की सुरक्षा के लिए तैनात एक सुरक्षा दल पर अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई और चार अन्य कर्मी घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। यह घटना हंगू जिले के थाल थानाक्षेत्र में चपरी वजीरान इलाके में प्रांत में पोलियो रोधी अभियान के पहले दिन घटी। लि पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसमें एक कांस्टेबल की मौत हो गई और थाल के अतिरिक्त थाना प्रभारी सहित चार अन्य घायल हो गए।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाय खड़े होकर काम करना फायदेमंद है?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान है? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है

संक्षेप

## मानसी सिंह बनीं डिप्टी जेलर

### पीसीएस परीक्षा में पहली बार में मिली सफलता

अमेठी, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा में मानसी सिंह ने डिप्टी जेलर का पद हासिल किया है। अपनी इस सफलता के बाद मानसी सिंह का उनके ननिहाल सांगीपुर, तिलोई-अमेठी में भव्य स्वागत किया गया। मानसी सिंह, जो प्राचार्य मान सिंह राठौर और प्रबंधक मनोरमा सिंह की पुत्री हैं, का स्वागत उनके मामा राजेंद्र बहादुर सिंह (पूर्व प्राचार्य) और धीरेंद्र प्रताप सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी) ने किया। इस अवसर पर रायबरेली से आए पूर्व उप बेसिक शिक्षा निदेशक, पूर्व प्राचार्यगण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ, उपहार और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।मानसी सिंह ने बताया कि बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली जाकर पीसीएस परीक्षा की तैयारी की। उन्हें यह सफलता पहले ही प्रयास में मिली है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया, जिन्होंने उन्हें तैयारी के लिए प्रेरित किया और सहयोग किया। उन्होंने अपने मामा राजेंद्र बहादुर सिंह (पूर्व प्राचार्य) का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने समय-समय पर उनका उत्साहवर्धन किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जय प्रताप सिंह (पूर्व उप बेसिक शिक्षा निदेशक), सुंदर लाल जायसवाल (पूर्व प्रमुख), पूर्व प्राचार्य रणजीत सिंह, शत्रुघ्न सिंह चौहान, रामानुज सिंह, इंद्र पाल सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह (प्रधानाचार्य), राम मोहन सिंह (पूर्व प्रवक्ता), गंगा बख्श सिंह (पूर्व सब इंस्पेक्टर), सूर्य बख्श सिंह, संत बख्श सिंह, हिम्मत बहादुर सिंह, सूर्यभान सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, घन श्याम सिंह, प्रभात सिंह, प्रदीप सिंह (प्रधान), बृजेश कुमार सिंह, दिलीप सिंह, राम शंकर सिंह, सूर्यमणि ओझा, गया बख्श सिंह, अनिल बाजपेयी, राजेश त्रिपाठी, अंबिका शरण खरे, अवधेश सिंह, राम लखन सिंह, अमर बहादुर सिंह (अध्यक्ष बार एसोसिएशन तिलोई), एडवोकेट शिव हर्ष सिंह, सुरेश प्रताप सिंह, रण विजय सिंह, अशोक सिंह, रमेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, संदीप कुमार सिंह (प्रधानाचार्य), विजय सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, कांति सिंह, मनोरमा सिंह और अर्चना सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिलाध्यक्ष ने अंबेडकर की प्रतिमा को दूध से नहलाया

### जयंती की पूर्व संध्या पर सफाई अभियान चलाया, माल्यार्पण किया

अमेठी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अंबेडकर प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर दीप प्रज्वलित किए गए। अमेठी के सराय खेमा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने स्वयं साफ-सफाई की। उन्होंने प्रतिमा को दूध से स्नान कराया और माल्यार्पण भी किया।भाजपा डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को अपना आदर्श मानती है

# प्रधानों ने पंचायत चुनाव न होने पर कार्यकाल को बढ़ाने व बकाया मनरेगा भुगतान को लेकर दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच के नवाबगंज, मिहिपुरवा व रिसिया ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मनरेगा भुगतान और चुनाव कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाई जोरदार। विकास खंड नवाबगंज, मिहिपुरवा, व रिसिया ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के नेतृत्व में ब्लॉक के प्रधानों ने विकाश खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति में वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने तथा मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान कार्यकाल समाप्त होने से पहले कराने की प्रमुख मांग उठाई। कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, प्रधान संघ के अध्यक्ष भगवान दिन मिश्रा, राम सुन्दर पांडे, सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), मंगल दास, विजय शुक्ल, राम छबीले निषाद, राम कोमल निषाद, गुलाम वारिश वा ब्लाक अध्यक्ष नवाबगंज आनंद पाठक, ब्लाक अध्यक्ष मिहींपुरवा अजय कुमार वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष रिसिया संजय तिवारी सहित अन्य प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 अधिनियम के अंतर्गत पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। इससे श्रमांश और सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हो गए हैं, जिसके चलते प्रधानों पर सप्लाई करने वाले फर्मों का लगातार दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 26 मई 2026 को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, ऐसे में यदि समय रहते भुगतान नहीं हुआ तो प्रधानों और संबंधित फर्मों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 और 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में समय पर चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। इसके पीछे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना तथा आरक्षण के लिए आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया का अधूरा रहना प्रमुख कारण बताए गए हैं। संगठन ने सुप्रीम कोर्ट के निदेशों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू करने के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है और निर्वाचित संस्थाओं के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति केवल अस्थायी स्थिति में ही उचित मानी जाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां ऐसी परिस्थितियों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही कार्यभार जारी रखने दिया गया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था बनी रही। पंचायत विकास मंच ने सरकार से मांग की है कि यदि समय पर पंचायत चुनाव संभव न हो, तो वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत होगी। ब्लॉक नवाबगंज में प्रधानो के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमणों पर तहसील प्रशासन की नजरें हुई टेढ़ी

### एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अगुवाई में दौड़ रही है जेसीबी

### सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माण हुए जमीदोज

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। तहसील क्षेत्र नानपारा अन्तर्गत ग्राम रामनगर सेमरा, परगना चरदा स्थित गाटा संख्या 56 रकबा 0.122हे. जोकि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज है, पर ग्राम के ही व्यक्ति के द्वारा लंबे समय से पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। अवैध कब्जे की जानकारी होने पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर जे.सी.बी के माध्यम से सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित पक्के बने निर्माण को ध्वस्त करवा दिया गया। अवैध अतिक्रमण पर तहसील प्रशासन द्वारा की गई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही से जहां जिला प्रशासन का इकबाल बुलन्द हुआ है वहीं अवैध रूप से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों में बेचैनी बढ़ गई है।

एसडीएम श्रीमती जौहरी ने स्पष्ट किया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जों को किसी भी सूरत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध तहसील प्रशासन द्वारा निरन्तर अभियान चलाया जायेगा। एसडीएम ने आमजन को सुझाव दिया है कि यदि उनके द्वारा सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किसी प्रकार की अवैध कब्जा किया गया है तो उसे तत्काल हटा लें अन्यथा की स्थिति में अवैध कब्जों को हटाने के साथ-साथ सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

# कैसरगंज में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप पर नगर पंचायत सतर्क, फॉगिंग अभियान तेज



### गर्मी के मद्देनजर स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए लगातार चलाया जा रहा अभियान

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नगर पंचायत कैसरगंज की ओर से बुधवार शाम कैसरगंज मेन मार्केट सहित आसपास के गांवों में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए फॉगिंग कराई गई। गर्मी के मौसम में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ने के कारण जनस्वास्थ्य पर खतरा मंडराने लगता है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी शिवम द्विवेदी ने बताया कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। इसी के मद्देनजर नगर पंचायत द्वारा समय-समय पर फॉगिंग कराई जा रही है, ताकि मच्छरों के जरिए फैलने वाली बीमारियों से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी नियमित रूप से फॉगिंग अभियान जारी रहेगा और नगर क्षेत्र को साफ-सुथरा व स्वस्थ बनाए रखने के लिए अन्य आवश्यक कदम भी उठाए जाएंगे।

# कैसरगंज में जनगणना की तैयारियां तेज, 1500 कर्मियों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

### एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।



कैसरगंज तहसील क्षेत्र में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 को अपैक्स इंटरनेशनल स्कूल में जनगणना कार्य में लगाए गए गणना अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हो रहे हैं, जिन्हें जनगणना कार्य से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां दी जा रही हैं।

#### तहसील क्षेत्र के सभी गांवों में होगी जनगणना

तहसील कैसरगंज के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में जनगणना कराए जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए लगभग 1500 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाना है, ताकि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जा सके।

#### 40-40 लोगों के बैच में चल रहा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कर्मचारियों को 40-40 लोगों के बैच में बुलाया जा रहा है। इससे प्रत्येक कर्मचारी को विस्तार से जानकारी दी जा सके और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया जा सके। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार तीन दिनों तक चलेगा।

#### मीना गौड़ तहसील क्षेत्र की चार्ज अधिकारी

तहसीलदार कैसरगंज मीना गौड़ को तहसील क्षेत्र का चार्ज अधिकारी बनाया गया है। वहीं नगर पंचायत कैसरगंज के लिए अधिशासी अधिकारी कैसरगंज तथा नगर पंचायत जरवल के लिए अधिशासी अधिकारी जरवल को चार्ज अधिकारी नामित किया गया है। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य की निगरानी और संचालन करेंगे।

#### 20 मास्टर ट्रेनर दे रहे तकनीकी जानकारी

प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 मास्टर ट्रेनर पहुंचे हैं, जो जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को विस्तार से प्रशिक्षण दे रहे हैं। कर्मचारियों को भवन गणना, मकान गणना, परिवारों की गणना, सदस्यों का विवरण दर्ज करने की प्रक्रिया, मोबाइल एप एवं ऑनलाइन डाटा फीडिंग की जानकारी दी जा रही है।

#### ऑनलाइन डाटा फीडिंग पर विशेष जोर

इस बार जनगणना प्रक्रिया को अधिक आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन डाटा फीडिंग व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कर्मचारियों को बताया जा रहा है कि किस प्रकार सही जानकारी को डिजिटल माध्यम से अपलोड करना है, जिससे आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

#### एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने दी जानकारी

उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से तैयारियां कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण देकर जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाएगा।

# थाना कैसरगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण संपन्न

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।



बृहस्पतिवार को थाना कैसरगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य थाना स्तर पर संचालित समस्त प्रशासनिक, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करना तथा शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निदेशों के अनुपालन की स्थिति का परीक्षण करना था।

#### थाना परिसर एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, थाना कार्यालय की व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव, अस्त्र-शस्त्रों के मिलान, मालखाना व्यवस्था, हवालात की सुरक्षा एवं स्वच्छता का गहन निरीक्षण किया गया। साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया।

#### मिशन शक्ति केंद्र एवं साइबर सेल की समीक्षा

थाना परिसर में संचालित मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सहायता एवं जागरूकता से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त साइबर सेल द्वारा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही तथा आमजन को जागरूक किए जाने संबंधी प्रयासों का भी निरीक्षण किया गया।

#### यक्ष ऐप एवं तकनीकी कार्यों की प्रगति

यक्ष ऐप पर किए जा रहे कार्यों, फीडिंग की स्थिति, प्रगति रिपोर्ट तथा संबंधित कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं समयबद्ध अद्यतन कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

#### अभिलेखों एवं विवेचनाओं का परीक्षण

थाने के समस्त अभिलेखों, अपराध रजिस्टरों, आगंतुक पंजिका, बीट रजिस्टर, लंबित विवेचनाओं तथा प्रचलित प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गई। लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया।

#### अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश

निरीक्षण के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का पूर्ण अनुपालन करने, जनता के साथ अच्छा व्यवहार रखने, अपराध नियंत्रण में सक्रिय रहने तथा थाना स्तर पर अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक हिदायतें दी गईं।

#### विवेचकों को टैबलेट्स का वितरण

शासन द्वारा विवेचकों को उपलब्ध कराए गए टैबलेट्स का वितरण भी आज किया गया, जिससे विवेचना कार्यों में तकनीकी सुविधा बढ़ेगी तथा कार्यों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित हो सकेगा। अर्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना कैसरगंज की समस्त व्यवस्थाओं का विस्तृत परीक्षण किया गया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश जारी किए गए। भविष्य में भी थाना स्तर पर बेहतर पुलिसिंग, त्वरित कार्रवाई एवं जनसहभागिता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

# बाल विवाह पर हो सकती है 02 वर्ष की सजा के साथ 01 लाख का जुर्माना

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि किसी भी बालिका जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालक/युवा जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की हो, का विवाह कराया जाना प्रतिबन्धित है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अनिधिनियम 2006 के प्राविधानों के अन्तर्गत बाल विवाह करने वाले पुरूष वयस्क के लिए एवं बाल विवाह का अनुष्ठान करने वाले व्यक्तियों के लिए 02 वर्ष के कठोर कारावास अथवा 01 लाख रुपए का जुमार्ना अथवा दोनों का प्राविधान है। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जिसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से गम्भीर दुष्प्रभाव होते हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अक्षय तृतीया (आखा तीज) के अवसर पर बाल विवाह करने की रूढ़िवादी परम्परा समाज में प्रचलित है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026 को पड़ रही है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। वैवाहिक आयोजन कराने वाले प्रिन्टिंग प्रेस, टेन्ट व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैण्ड वाजा, कैटर्स, फोटोग्राफर, पुरोहित/मोलवी इत्यादि व्यक्तियों एवं संस्थाओं से भी अपेक्षा की गयी है कि वैवाहिक आयोजन कराने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह से सम्बन्धित कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो तत्काल 112, 181, 1098, 1090 नम्बर या स्थानीय पुलिस स्टेशन/चौकी को सूचित कर दें, जिससे बाल विवाह को रोका जा सके।

# नवाबगंज में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

### डॉ अम्बेडकर का पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक हैः अतुल सिंह



अमन लेखनी समाचार


बाबागंज, बहराइच। भारत रत्न और संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को ग्राम पंचायत रहीम नगर के मजरा बाबागांव गिधरैया सहित क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर डॉ आंबेडकर की मूर्तियों पर स्थानीय ग्राम प्रधानों और सामाजिक संस्थानों द्वारा माल्यार्पण किया और उन्हें उनके व्यक्तित्व और कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रहीमनगर अतुल सिंह की मौजूदगी में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हिंदुस्तान का संविधान बनाने का गौरव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को प्राप्त है। प्रथम कानून मंत्री डॉक्टर अंबेडकर जैसी शख्सियत सदियों में कोई एक पैदा होती है उनका पूरा जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है।इस मौके पर राम सागर, सुरेश कुमार, काशीराम, जंगली प्रसाद, डॉ सुभाष यादव, सत्यम सिंह सहित सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग

### तेज लपटें देख लोगों में दहशत, अफरा-तफरी का माहौल

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, कुंडा कोतवाली क्षेत्र के मालियान टोला में एक ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। आग की तेज लपटें और धुएं का गुबार उठता देख आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलने के बाद अचानक आग भड़क उठी।



कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। ट्रांसफार्मर के फटने की आशंका से लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण बनी रही, लेकिन टीम की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग बुझने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# फीस वृद्धि पर डीएम ने दिए निर्देश

### मनमानी वसूली करने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने फीस वृद्धि के प्रावधानों और दंडात्मक कार्रवाई को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के तहत आयोजित की गई थी। इसमें डीआईओएस ओमकार राणा सहित निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्कूल केवल निर्धारित नियमों के अनुसार ही फीस और अन्य शुल्क वसूलें। उन्होंने चेतावनी दी कि मनमानी या अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि अधिनियम के तहत विद्यालय केवल निर्धारित सीमा के भीतर ही वार्षिक शुल्क वृद्धि कर सकते हैं, और बिना उचित कारण व अभिलेखों के फीस नहीं बढ़ाई जा सकती। डीएम ने यह भी कहा कि सभी विद्यालयों को अपनी शुल्क संरचना पूरी तरह पारदर्शी बनानी होगी और इसे अपनी वेबसाइट या सूचना पट पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। अभिभावकों की शिकायतों पर ध्यान देते हुए उन्होंने कहा कि किसी खास दुकान से किताबें, जूते, मोजे या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसी शिकायत मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित है। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जिला शुल्क नियामक समिति की अनुमति के बिना पांच वर्ष के भीतर विद्यालय की पोशाक में बदलाव नहीं किया जाएगा।

## संक्षेप

### दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के कट बंद करने पर किसानों का प्रदर्शन

**रातभर दिया पहरा; आज पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन**

बागपत, दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बागपत के गांगनौली अंडरपास के पास कट बंद करने की सूचना के बाद क्षेत्रवासियों ने रातभर पहरा दिया। उन्होंने चेतावनी दी है कि किसी भी कीमत पर कट को बंद नहीं होने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (मंगलवार) दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मार्ग को वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। अधिकारी इसके लिए सभी तैयारियां पूरी करने में जुटे हैं। पुसार बराल मार्ग पर गांगनौली गांव के अंडरपास के पास क्षेत्रवासी लंबे समय से कट की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस कट से करीब 40 गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। सोमवार देर शाम क्षेत्रवासियों को सूचना मिली कि अधिकारी कट बंद कराने के लिए मशीन लेकर पहुंच रहे हैं। इसके बाद भाकियू नेता राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गांगनौली कट के पास जमा हो गए। किसानों का आरोप है कि अधिकारियों ने इस कट को स्थायी रूप से चालू रखने का आश्वासन दिया था। अब एक्सप्रेस-वे शुरू होने से पहले इसे बंद करने की तैयारी चल रही है, जो 40 गांवों के लोगों से वादाखिलाफी है। किसानों और स्थानीय लोगों ने रातभर कट के पास डेरा डाले रखा और अधिकारियों को इसे बंद न करने की चेतावनी दी। फिलहाल, कट को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। यह कॉरिडोर दिल्ली से देहरादून तक के सफर को आसान बनाएगा और जाम की समस्या को कम करेगा। अब देखना होगा कि किसानों का यह विरोध कब तक जारी रहता है।

### पुलिस ने दो शराब तस्कर किए गिरफ्तार

**50 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद, कैनरा बैंक के पास से पकड़े गए**

बागपत, बिनौली पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 50 पव्वे अवैध देशी शराब यूपी मार्का बरामद की है। यह गिरफ्तारी मंगलवार को बिनौली में कैनरा बैंक के पास सघन चेकिंग के दौरान हुई। इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से अवैध शराब की तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने बिनौली स्थित कैनरा बैंक के पास चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान गली से गुजर रहे दो युवकों को रोका गया और तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध शराब मिली। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान शेखर पुत्र रामवीर और अरुण पुत्र राजेंद्र के रूप में हुई है।

### 5 सेकेंड में बुलेट चोरी

**कैमरे में कैद वारदात, स्कूटर का लॉक नहीं टूटा तो बाइक ले भागा चोर**

मेरठ, वाहन चोरों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आए। मेरठ के लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र में एक शातिर चोर ने महज 5 सेकेंड में बुलेट मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पूरी वारदात पास में लगे कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। 15 घंटे में लोहिया नगर पुलिस ने आरोपी को जामिया रेजिडेंसी से गिरफ्तार कर लिया और बुलेट बाइक भी बरामद कर ली।

# सामाजिक कुरीतियां को समाप्त करने का बाबा साहब ने किया प्रयास : स्वप्निल वरुण

## अमौली के पटेल पार्क में आयोजित हुई जागरूकता संगोष्ठी

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे के मुख्य चौराहे में स्थापित सरदार पटेल पार्क में भारतीय संविधान की कर्णधार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची लोकसभा सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय कमल रानी वरुण की सुपुत्री जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण तथा जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान की कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि का कार्यक्रम के आयोजक वर्तमान ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर के सुपुत्र अर्जुन सोनकर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी पूर्व शिक्षक सुरेंद्रनाथ उमराव शुभम ठाकरे तथा महामंत्री शिवा गुप्ता समेत भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों ने माल्यार्पण प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र भेंटकर आभार व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व शिक्षक रामस्वरूप कोरी एवं मंच पर आमंत्रित संचालक शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी द्वारा कुशल संचालन किया गया कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्षा स्वप्निल वरुण ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व के बारे में विस्तार चर्चा करते हुए उनके अभूतपूर्व कार्यों का वर्णन किया वहीं मुख्य अतिथि ने अपनी स्वर्गीय मातृशक्ति की कर्मभूमि को नमन करते हुए मौजूदा आम जनमानस का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक ने भी सरकार की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवन शैली पर विस्तृत प्रकाश डाला इस मौके पर उपस्थित अन्य भाजपा पदाधिकारी पूर्व शिक्षक सुरेंद्रनाथ उमराव डॉक्टर ओम प्रकाश पाल डॉ रामभक्त वर्मा आदि लोगों ने भी अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किया इस मौके पर जिला पदाधिकारी संतोष गुप्ता प्रकाश चंद्र सोनकर अजय पटेल रोहित विश्वकर्मा नितिन ओमर गौरी शंकर अवस्थी शिंपू शिवहरे घसीटे प्रजापति समेत भारी संख्या में आम जनमानस मौजूद रहा आए हुए सभी अतिथियों का कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक वर्तमान ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर ने सादर आभार व्यक्त किया।

# जहानाबाद का पटेल पैथोलॉजी निकला जाली

## स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी करते हुए किया सीज

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से चल रहे पैथोलॉजी संचालकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग में मुहिम चलाई गलत जांच रिपोर्ट बनाने की सूचना के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जहानाबाद कस्बे में संचालित पटेल पैथोलॉजी सेंटर का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पैथोलॉजी बंद मिला जहां आवश्यक अभिलेख लाइसेंस व संचालन मानक की स्थिति सही न होने पर विभाग ने नोटिस चस्पा करते हुए पैथोलॉजी को सीज कर दिया स्वास्थ्य टीम में पहुंचे कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस्तियाक अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी यह जानकारी मिलते ही कस्बे के अनेक क्षेत्रों में संचालित पैथोलॉजी सेंटरों में कोहराम मच गया आनन-फानन



सभी पैथोलॉजी में ताला पड़ गया वही कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा

# पेट्रोल पंप पर लूट, एक गिरफ्तार

**नकाबपोश युवकों ने सेल्समैन से 11सौ रुपये छीने, नकली पिस्टल बरामद**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के लखवाया गांव में स्थित सपा नेता और अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष मनोज चपराना के पेट्रोल पंप पर सोमवार रात लूट की घटना हुई। नकाबपोश दो युवकों ने सेल्समैन से 1100 रुपये छीन लिए। हालांकि, सेल्समैन की बहादुरी से एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पेट्रोल पंप संचालक, अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज चपराना ने बताया कि सोमवार रात बिना नंबर की बाइक से दो युवक पेट्रोल पंप पर पहुंचे। इनमें से एक ने हेलमेट पहना था, जबकि दूसरा नकाबपोश था। उन्होंने बाइक की टंकी फुल करवाई। पेट्रोल पंप के सेल्समैन कपिल (निवासी कविनगर) ने जब पैसे मांगे, तो पीछे बैठे युवक ने पिस्टलनुमा वस्तु दिखाकर उसे डराया और उसकी जेब से 1100 रुपये छीन लिए। इसके बाद दोनों आरोपी भागने लगे। कपिल ने हिम्मत दिखाते हुए पीछा किया और पीछे बैठे युवक को पकड़ लिया। इस दौरान दोनों के बीच हाथापाई भी हुई, जिसमें आरोपी को हल्की चोटें आईं। बाइक चला रहा दूसरा युवक मौके से फरार हो गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम जतिन (निवासी शाक्यपुरी) बताया, जबकि फरार साथी का नाम सावन (निवासी अंबेडकर नगर) है। सूचना मिलने पर पेट्रोल पंप संचालक मनोज चपराना मौके पर पहुंचे और आरोपी जतिन को नकली पिस्टल तथा छीने गए रुपयों के साथ थाने ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी सावन की तलाश शुरू कर दी है।

# आंबेडकर जयंती पर रालोद का शक्ति प्रदर्शन

## माल्यार्पण के बाद कार्यकताओं ने निकाली पैदल यात्रा, सिद्धांतों को अपनाने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) द्वारा शहर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चौधरी चरण सिंह पार्क में आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित एक पैदल यात्रा भी कार्यकताओं ने निकाली। कार्यक्रम में मौजूद रालोद नेताओं और कार्यकताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया। इसके बाद सभी ने एकजुट होकर पैदल यात्रा निकाली, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा साहेब का नाम रहेगा जैसे नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम ने न केवल अंबेडकर जयंती के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि समाज में समानता, न्याय और भाईचारे के संदेश को भी मजबूती से आगे बढ़ाया। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ता बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल तक पहुंचे, जहां पुनः माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। उन्होंने सामाजिक समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में व्याप्त असमानताओं को दूर करने और सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब के आदर्शों पर चलना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कार्यकताओं से आान किया कि वे अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष अनिकेत भारद्वाज, सुनील रोहटा, चौधरी सत्येंद्र सिंह तोमर, गौरव जटौली, युवा जिला अध्यक्ष अभिमन्यु ललसाना, दीपक तोमर, प्रताप लोहिया, संगीता दोहरे, वीना पुनिया, रणवीर दहिया, विनय प्रधान, चंद्रवीर सिंह और आतिर रिजवी सहित बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेरठ स्टेडियम के सिंथेटिक ट्रैक में खामियां मिली

**सीडीओ ने आईआईटी कानपुर से जांच कराने के दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में निमार्णाधीन 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में निरीक्षण किया गया। इस दौरान ट्रैक में कई खामियां पाई गईं, जिसके बाद सीडीओ ने आईआईटी कानपुर से ट्रैक का विस्तृत निरीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग, मेरठ; सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, मेरठ; क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, मेरठ; और कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, मेरठ के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सीडीओ और अधिशासी अभियंता ने कार्यदायी संस्था से पूछा कि क्या सिंथेटिक ट्रैक का निरीक्षण आईआईटी कानपुर से कराया गया है। कार्यदायी संस्था ने बताया कि सिंथेटिक कोट डालने के बाद आईआईटी कानपुर से निरीक्षण नहीं कराया गया है। इस पर अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का निरीक्षण तत्काल आईआईटी कानपुर से कराया जाए और उसकी रिपोर्ट समिति को सौंपी जाए। सीडीओ ने ट्रैक से संबंधित अन्य जानकारियां भी प्राप्त कीं। इसके अतिरिक्त, सीडीओ ने स्टेडियम के शौचालयों के जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। खिलाड़ियों के लिए सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी की सांसद निधि से प्रस्तावित वाटर कूलर को शीघ्र स्थापित करने के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया

# घर में चल रहा सेक्स रैकेट

## गरीब महिलाओं को फंसाकर कराया जा रहा था धंधा, एक महिला समेत 3 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, पुलिस ने सेक्स रैकेट चलाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाकर 4 पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित किया है। पूरा मामला शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली कि शालीमार हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के एक मकान में गरीब और भोली-भाली महिलाओं को बहला-फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर 4 महिलाओं को रेस्क्यू किया। पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला संचालिका भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विपिन शर्मा, शोयब शेख और आरती उर्फ शबनम के रूप में हुई है। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है पूछताछ में सामने आया कि संचालिका आरती उर्फ शबनम लालच देकर महिलाओं को इस धंधे में लाती थी और ग्राहकों से मोटी रकम वसूलती थी। महिलाओं को सिर्फ गुजारा करने लायक पैसे दिए जाते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# अयोध्या में छह बार लैंडयूज बदला गया : अतुल प्रधान

## सेंट्रल मार्केट में पहुंचे, जल्द एक प्रतिनिधिमंडल को अखिलेश यादव से मिलवाने का दिलाया भरोसा

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि जिस तरह अयोध्या में चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने छह बार लैंडयूज बदला, ठीक उसी तरह मेरठ सेंट्रल मार्केट के लिए भी सरकार प्रस्ताव तैयार करें। वह सेंट्रल मार्केट में चल रहे महिलाओं के धरने पर पहुंचे थे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही वह यहां के प्रतिनिधिमंडल को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मिलवाएंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गूमी व सपा नेता शैंकी वर्मा भी साथ मौजूद रहे। महिलाओं से किया सीधा संवाद अतुल प्रधान सोमवार दोपहर अचानक सेंट्रल मार्केट के धरना स्थल पर पहुंच गए। कुछ देर पहले ही यहां समाजवादी पार्टी के एक डेलिगेशन का विरोध हुआ था। सपा नेता मुखिया गुर्जर तक को बिना विचार व्यक्त किये लौटना पड़ा। अतुल प्रधान धरने पर पहुंचे और कुर्सी लेकर बैठ गए। उसके बाद धरने पर मौजूद महिलाओं से उन्होंने वार्ता की। कई महिलाएं वार्ता के दौरान फूट-फूटकर रोने लगी। सत्ता से जुड़े नेताओं पर किये कटाक्ष धरने पर संबोधन के दौरान अतुल प्रधान सत्ता पक्ष के नेताओं पर जमकर बरसे। राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई का नाम लिए बिना उनके बयान पर अतुल ने रोष व्यक्त किया। सपा विधायक ने कहा कि इतने बड़े पद पर होकर भी वह पर्दे के पीछे से मदद करने की बात बोल रहे हैं। जबकि उन्हें सामने से आकर मदद करनी चाहिए। राजनीति वाले मुद्दे पर भी बोले अतुल सपा विधायक अतुल प्रधान को यह जानकारी मिल चुकी थी कि वहां आए पार्टी के एक डेलिगेशन को कुछ समय पहले ही लौटा दिया गया था। उन्होंने बेहद सामान्य तरीके से अपनी बात शुरू की और जनप्रतिनिधियों की भूमिका के बारे में बताएं। इसी दौरान उन्होंने कहा कि सत्ता को छोड़कर अगर कोई धरना स्थल पर पहुंच रहा है तो उसका विरोध ना करें। जब सत्ता पक्ष शांत बैठा है तो वह विपक्षी ही जनता की आवाज बनने आया है। अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है विपक्ष अतुल प्रधान ने कहा कि जनता ने विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव, समाजवादी पार्टी को सीटें जिताकर अपना भरोसा जताया है। मेरठ में भी चार विधायक जीत कर आए थे जिनमें से तीन अभी भी हैं। यह विधायक जनता से सीधा वायदा नहीं कर सकते लेकिन उनकी आवाज को सदन में उठा सकते हैं जहां नए कानून तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। छोटे व्यापारियों को हौसला बढ़ा गए अतुल सपा विधायक ने कहा कि यह लड़ाई बड़े कारोबारी की नहीं बल्कि छोटे दुकानदारों की है। उन दुकानदारों की है जो पाई पाई जोड़कर अपना कारोबार खड़ा करते हैं ताकि दो वक्त की रोटी जुटा सके।

# 16 वर्षीय किशोरी लापता

**पुलिस ने दो टीमें गठित कीं, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही**

अमन लेखनी समाचार




जेवर, ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र से एक 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई है। उसकी तलाश के लिए पुलिस ने दो टीमें गठित की हैं। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि किशोरी का सुराग मिल सके। आरएंडआर कॉलोनी, गांव रोही निवासी एक व्यक्ति ने जेवर थाने में अपनी बेटी के लापता होने की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी 11 अप्रैल को दोपहर करीब दो बजे घर से बिना बताए निकली थी और देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर किशोरी की तलाश की। उन्होंने रिश्तेदारों और उसकी सहेलियों से भी पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। काफी प्रयासों के बाद भी सफलता न मिलने पर परिजनों ने पुलिस से मदद मांगी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है।

# पूर्व सीएम उमा भारती की तबीयत बिगड़ी

## वृंदावन से लौटते समय जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार



जेवर, मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती की तबीयत वृंदावन से लौटते समय अचानक बिगड़ गई। उन्हें तत्काल जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की निगरानी उनका उपचार जारी है और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। उनकी तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही भाजपा नेताओं और कार्यकताओं में चिंता फैल गई। कई भाजपा नेता और समर्थक अस्पताल पहुंचने लगे। बुलंदशहर के अनूपशहर से विधायक संजय शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना। रबूपुरा नगर पंचायत अध्यक्ष शशांक सिंह सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी उनसे मिलने पहुंचे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इससे पहले सोमवार को उमा भारती ने वृंदावन के कात्यायनी देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। उन्होंने देश में गौ रक्षा, राष्ट्र की सुरक्षा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ की मुक्ति के लिए प्रार्थना की थी। पूजा के बाद उन्होंने वृंदावन में यमुना नदी में हुए हालिया हादसे पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने इसे 'बेहद दुखद' और 'हृदयविदारक घटना' बताया, जिससे हर कोई आहत है। उमा भारती ने कहा कि ऐसी घटनाओं के पीछे नाव की क्षमता और लापरवाही जैसे पहलुओं की जांच आवश्यक है, जिस पर प्रशासन को कार्य करना चाहिए।

# बिना लीडर कैसे भड़के फैक्ट्री कर्मचारी

## प्रशासन की बात श्रमिकों तक नहीं पहुंची, मांगें न मानने की अफवाह से हिंसक हुए

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, यूपी के नोएडा में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले 3 दिन से फैक्ट्री कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को प्रदर्शन हिंसक हो गया। आंदोलन कर रहे सैकड़ों कर्मचारी हाथ में डंडे-लाठी लेकर सड़कों पर उतर आए। कर्मचारियों ने अलग-अलग इलाकों में 350 से ज्यादा फैक्ट्रियों में पथराव और तोड़फोड़ की। 150 से ज्यादा गाड़ियां तोड़ीं। 50 से ज्यादा फूंक दीं। पुलिस की गाड़ियां पलट दीं। पुलिसवालों पर पथराव किया। 30 लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने अब तक 60 लोगों पर केस दर्ज किया है। हिंसक प्रदर्शन से करीब 3000 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। फैक्ट्री मालिकों का दावा है कि श्रमिकों को उकसाया गया है। वहीं, प्रशासन और श्रमिकों के बीच गैप भी इस बवाल की एक वजह मानी जा रही है। दरअसल, रविवार को हुई बैठक के बारे में श्रमिकों को जानकारी ही नहीं दी गई थी। शांतिपूर्वक चल रहा श्रमिक आंदोलन बिना लीडर कैसे और क्यों भड़का? रविवार को बैठक में मांगें मानने के बाद भी प्रदर्शन क्यों हो रहा था? प्रशासन से कहां चूक हुई? क्या कामगारों को उकसाया गया था? फैक्ट्री कर्मचारियों में गुस्से की मुख्य वजह पड़ोसी राज्य हरियाणा का एक फैसला है। 9 अप्रैल को हरियाणा सरकार ने कैबिनेट मीटिंग में फैक्ट्री कर्मचारियों की न्यूनतम सैलरी में 35% बढ़ोतरी करने का फैसला लिया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

### एंटी रोमियो टीम ने गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार




ककरवई। बृहस्पतिवार को थाना ककरवई, जनपद झांसी की एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्यमंत्री की मंशा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झांसी के दिशा-निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत संचालित किया गया। अभियान के दौरान उप निरीक्षक अंकित पंवार, महिला कांस्टेबल प्रीति विश्वकर्मा एवं कांस्टेबल संजय ने ग्राम ककरवई, खरका एवं सिया में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर पुलिस टीम ने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1098, 108, 102, 1930 एवं 181 की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं उज्ज्वला योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं एवं छात्राओं को साइबर अपराध और साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। इस दौरान जरूरतमंद महिलाओं को पिंक कार्ड भी वितरित किए गए।

# श्री 1008 महाशक्ति पीठाधीश्वर शक्ति महाराज ने यौन शोषण के खिलाफ उठाई आवाज

अमन लेखनी समाचार



अमरावती। श्री महाकाली माता शक्तिपीठ प्रतिष्ठान, अमरावती क्रांति दल की ओर से एवं हिंदू सुरक्षा सेवा संघ, महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष के नाते डॉ. 1008 महाशक्ति पीठाधीश्वर शक्ति महाराज ने यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा कि अमरावती में 180 युवतियों( लड़कीया )का शोषण करने वाले दरिंदे को फांसी दी जाए। उन्होंने कहा कि परतवाड़ा के अयान अहमद ने 180 से अधिक युवतियों का यौन शोषण कर 350 अश्लील वीडियो प्रसारित किए इस अमानवीय कृत्य के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार एवं केंद्र सरकार तुरंत सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि आरोपियों पर तुरंत ह्यमोकाह्न (टउडउअ) के तहत कार्रवाई की जाए।मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर दरिंदे को फांसी की सजा दी जाए। इस मामले की रकळ (विशेष जांच टीम) द्वारा गहन जांच कराई जाए। श्री शक्ति महाराज ने कहा कि ट्यूशन शिक्षकों से अनुरोध है कि कक्षा समाप्त होने के बाद बच्चे केवल अपने माता-पिता या अभिभावकों के साथ ही घर जाएं। माता-पिता भी अपने बच्चों पर ध्यान रखें कि उनके बच्चे कहाँ और किसके साथ जा रहे हैं। अयान अहमद और उसके सभी साथियों का वह और उनका संगठन सार्वजनिक रूप से निंदा (विरोध) करता है।

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल हरदोई का शानदार परीक्षा परिणाम, प्रखर गुप्ता ने 99.2% अंकों के साथ किया टॉप

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। गुरुवार को सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, हरदोई के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या लीना सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। परीक्षा परिणाम में प्रखर गुप्ता ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।

प्रमुख विद्यार्थियों के परिणाम इस प्रकार हैं:

प्रखर गुप्ता-99.2%
श्रेया यादव-97.4%
आयुषी वर्मा-96.0%
राघव अग्रवाल-95.4%
ऋषिक आर्यन-95.4%
हिमांशु सिंह-95.0%
नीलाभ मिश्रा-94.8%
एधिता अग्रवाल-94.2%
मोहम्मद अशरफ चौधरी-94.0%
विवान वर्मा-93.8%
इरा सिंह-93.6%
पावनी अवस्थी-93.6%
माधव आनंद-93.6%
वर्धनम सिंह-93.4%
अभिषेक यादव-93.2%
अर्जुन उपाध्याय-93.2%
पार्थ गुप्ता-93.2%
विधि-93.0%
आराध्या त्रिवेदी-92.8%
प्रतिभा यादव-92.8%
आस्था-92.2%
देव तोमर-91.8%
अधिरा सोमवंशी-91.6%
सूर्यांश सिंह-91.4%
तनय कुमार-91.4%
अथर्व सिंह चंदेल-91.2%
श्लोक सिंह चौहान-91.2%
कार्तिक त्रिवेदी-91.0%
काशनी गुप्ता-91.0%
मन्यता सिंह-90.8%
ओशी वर्मा-90.4%
आकृति कनौजिया-90.2%
कृतिका सिंह-90.0%
स्वर्णिका रस्तोगी-90.0%

विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

खास समाचार

## जेवियर्स हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, हरदोई का कक्षा-10 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय में इस वर्ष छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परीक्षा में मेघा गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अन्य मेधावी छात्रों में अंकुर, आशीष, सोमपाल और रवि चौधरी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा इशिता राठी, अनुराग शेखर गुप्ता, सृष्टि, पावनी दीक्षित ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी क्रम में आदित्य द्विवेदी, अभय सिंह, वैभव सक्सेना, पावन मानस, अर्पिता अवस्थी तथा काव्य पांडेय ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं राघव कुमार, आराध्या पांडेय, उज्जवल सिंह, आद्या सोफिया, रिया शुक्ला और प्रतीक्षा वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के कुल 69 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। इसके अतिरिक्त 14 छात्रों ने 93 प्रतिशत, 10 छात्रों ने 92 प्रतिशत, 11 छात्रों ने 91 प्रतिशत तथा 13 छात्रों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय के चेयरमैन, प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को इस सफलता का श्रेय दिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की लगन का प्रमाण है, बल्कि शिक्षण गुणवत्ता का भी परिचायक है। सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## अर्चिशा इंटरनेशनल स्कूल का 10वीं परिणाम शानदार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। अर्चिशा इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में सिद्धांत राज शुक्ला ने 96.4% अंक प्राप्त कर टॉप किया। माही गुप्ता (94.8%), आस्था मिश्रा (94.2%), रितिका गौतम (92%) व कौशिक सिंह (90.4%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीजे व जय भीम विवाद में बवाल, पुलिस पर पथराव; दारोगा-सिपाही घायल, दर्जनों नामजद

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कनकापुर (मजरा सिकंदरपुर नरकतरा) में मुंडन कार्यक्रम के दौरान डीजे व जय भीम नारेबाजी को लेकर हुआ विवाद देर रात हिंसक हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर भीड़ ने पथराव कर दिया, जिसमें उपनिरीक्षक मो. अमजद और सिपाही विकास सिंह घायल हो गए। बताया गया कि कार्यक्रम में कहासुनी के बाद मारपीट हुई। पीआरवी के बाद मौके पर पहुंचे दारोगा के हस्तक्षेप से स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद ग्रामीण उग्र हो गए और पथराव शुरू कर दिया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से सिपाही को रेफर किया गया। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में 30 से अधिक लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात है और मामले की जांच जारी है।

## शहर में निजी बसों की एंट्री पर रोक, सोमवार से बाहरी चुंगियों से होगा संचालन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लेते हुए सोमवार से शहर के अंदर निजी बसों के संचालन पर पूर्णतः रोक लगाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। अब सभी निजी बसें निर्धारित बाहरी चुंगियों और स्थानों से ही संचालित होंगी।

इस संबंध में आज जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मोटर ऑपरेटर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि सोमवार से शहर के भीतर कोई भी निजी बस दिखाई नहीं देनी चाहिए। सभी बसों का संचालन केवल निर्धारित स्थानों से ही किया जाएगा।

### ऐसे होगा बसों का नया संचालन

लखनऊ रोड से आने वाली बसें अब केवल लखनऊ चुंगी तक ही आएंगी और वहीं से सवारी उतारने व बैठाने का कार्य करेंगी। इस रूट पर एक ही बस को अनुमति दी गई है।

शाहजहांपुर एवं पिहानी जाने वाली बसें पिहानी चुंगी से संचालित होंगी।

बिलग्राम होकर उन्नाव जाने वाली बसें बिलग्राम चुंगी के बाहर से चलेंगी।

सांडी रोड की बसें सांडी चुंगी के बाहर से संचालित की जाएंगी।

गोपामऊ की ओर जाने वाली बसें नघेटा रोड से संचालित होंगी।

हरपालपुर रोड की बसों को नुमाइश मैदान से संचालन की अनुमति दी गई है।

प्रशासन सख्त, मोटर मालिकों में चिंता प्रशासन के इस निर्णय से जहां शहर में जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं मोटर मालिकों में कुछ हद तक असंतोष और चिंता भी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि नए व्यवस्था में यात्रियों की संख्या और आय पर असर पड़ सकता है।

रोडवेज को भी दिए गए निर्देश बैठक में रोडवेज अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे जल्द से जल्द अपनी बसों का संचालन भी शहर के बाहर से सुनिश्चित करें। साथ ही बिना परमिट चलने वाली बसों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## दो दिवसीय दौरे पर चोपन पहुंचे डीआरएम, अमृत भारत स्टेशन के कार्यों का किया निरीक्षण

चोपन/सोनभद्र। पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र बुधवार को दो दिवसीय दौरे पर चोपन पहुंचे। वह अपने विशेष सैलून से सुबह चोपन रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उनके साथ मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान डीआरएम ने ह्यअमृत भारत स्टेशन योजनाह्न के अंतर्गत चोपन रेलवे स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा डीआरएम ने रेलवे इंटर कॉलेज, मनोरंजन क्लब और रेलवे कॉलोनियों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाद में कंट्रोल ऑफिस में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर संचालन, सुविधाओं और विकास कार्यों सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# मंडल रेल प्रबंधक से मिले ईसीआरकेयू चोपन प्रतिनिधि

विंध्य ज्योति

चोपम सोनभद्र। बुधवार को धनबाद मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा का चोपन दौरा हुआ। इस मौके पर ईसीआरकेयू चोपन वन के ब्रांच सेक्रेटरी सह मुख्य टिकट निरीक्षक उमेश कुमार सिंह द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया ह्न इस मौके पर संयुक्त सर्वेक्षण के तहत ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों के साथ मंडल रेल प्रबंधक ने चोपन गार्ड कॉलोनी का निरीक्षण किया जर्जर रेल आवासों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से कर्मचारियों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया रेलवे इंटरमीडिएट कॉलेज का भी निरीक्षण किया। ईसीआरकेयू द्वारा पूर्व में रखे गए मांग पर रेलवे क्लब का चल रहे आधुनिकीकरण निर्माण कार्य, चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण कार्य तथा बैडमिंटन कोर्ट के लिए सहमति तथा निर्माण की अनुमति देने और सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का अनुरोध किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने ईसीआरकेयू शाखा सचिव की बातों को गंभीरता से सुना तथा समाधान हेतु तत्वरित कार्रवाई करने का निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिया। विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए उमेश कुमार सिंह द्वारा मंडल रेल प्रबंधक को अनुरोध किया गया कि नगर पंचायत से रेलवे क्षेत्र में होने वाले कार्यों के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए

# फर्जी टोल के विरोध में कांग्रेस का बुद्धि शुद्धि यज्ञ, 9वें दिन भी धरना जारी

अमन लेखनी समाचार



मिजार्पुर। अहरौरा एवं विंध्याचल में कथित फर्जी टोल प्लाजा के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। बुधवार को धरना का नौवां दिन रहा, जहां कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित धरना स्थल पर ह्यबुद्धि शुद्धि यज्ञह्न कर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को सद्बुद्धि देने की कामना की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार सिंह पटेल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी ठेकेदारों द्वारा लगाए गए टोल से मिजार्पुर की जनता का शोषण किया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सांसद और विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं और सदन में टोल हटाने की मांग तक नहीं उठा पा रहे हैं। डॉ. पटेल ने चेतावनी दी कि कांग्रेस इस ह्ललूटह्व के खिलाफ आंदोलन को और तेज करेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो कार्यकर्ता जेल जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के जिला अध्यक्ष धर्मदेव उपाध्याय और प्रदेश महासचिव बजरंगी कुशवाहा भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। कार्यक्रम का संचालन राजधर दुबे ने किया। इस दौरान दीपचंद जैन, गुलाब चंद्र पांडेय, रमेश चंद्र प्रजापति, पप्पू, कपिल कुमार सोनकर, राम लखन मास्टर, कन्हैया लाल पाठक, कैलाश प्रजापति, राजेंद्र विश्वकर्मा, राकेश त्रिपाठी, मिथिलेश मिश्रा, अंशु पांडेय, राम विष्णु शर्मा, रोशन अंसारी, अमिताभ, विजय दुबे ह्यपहाड़ीह्न, गुलाब मिश्रा, रामनिवास पुरी, संतोष यादव, सुरेंद्र पांडेय, विनोद कुमार, विवेक सिंह, सूरज सिंह, रितेश मिश्रा, बब्बू पाठक, कृष्णानंद जायसवाल, विनोद तिवारी, राजू भारती, संजय कुमार, अशोक पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक टोल प्लाजा हटाया नहीं जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आज दिनांक 15.04.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# गर्मी में जल संकट गहराया, धरातल पर योजनाएं धराशाई?

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद(हरदोई)। बीते कुछ दिनों से मौसम के तेवर अचानक बदल गए हैं। सुबह से ही तेज धूप और बढ़ती गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। दोपहर होते-होते तापमान इस कदर बढ़ जाता है कि लोगों का घरों से निकलना मुश्किल होने लगा है। शहरी क्षेत्रों में जहां ऊंची इमारतें गर्मी को और अधिक बढ़ा देती हैं, वहीं वहां रहने वाले लोगों के पास पंखा, कूलर और एयर कंडीशनर जैसे साधन उपलब्ध होने से कुछ हद तक राहत जरूर मिल जाती है। इसके विपरीत, ग्रामीण अंचलों की स्थिति कहीं अधिक गंभीर बनी हुई है। खुले वातावरण में रहने वाले ग्रामीणों को सुबह से ही तेज धूप का सामना करना पड़ रहा है। जल स्त्रोतों की बात करें तो गांवों के पोखर और तालाब सूखे हैं, जिन्हें भरने के लिए जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती है। जिससे न केवल लोगों बल्कि पशु-पक्षियों के सामने भी पानी का संकट खड़ा हो गया है। गांव गांव हर घर नल, हर घर जल के उद्देश्य से शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना का जमीनी स्तर पर अपेक्षित प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद कई गांवों में आज भी पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। इतना ही नहीं, योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए कई गांवों में सड़कों को खोद दिया गया, जिससे गली-मोहल्लों की स्थिति दयनीय हो गई है। गर्मी के मौसम में भी कई स्थानों पर कीचड़ और गड्ढों से होकर गुजरना ग्रामीणों की मजबूरी बन गई है।

जल स्तर में लगातार गिरावट के कारण नलों से पानी आना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सरकार द्वारा इतनी बड़ी योजनाएं चलाई जा रही हैं, तो उनका लाभ आम जनता तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है। क्या इसके पीछे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और निर्माण एजेंसियों की लापरवाही या भ्रष्टाचार जिम्मेदार है?

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा पारदर्शिता और जीरो टॉलरेंस की नीति की बात लगातार की जाती रही है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या इन योजनाओं में कथित अनियमितताओं और धन के दुरुपयोग के मामलों में जिम्मेदारों पर कोई सख्त कार्रवाई की जाएगी। विकास खंड शाहाबाद एवं टोडरपुर क्षेत्र के अधिकांश खराब पड़े हैंडपंप, जिनके रीबोर के नाम पर खर्च तो दिखाया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता में लोगों को राहत नहीं मिल पा रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान परिस्थितियों में यह एक बड़ा प्रश्न बनकर उभरा है कि क्या जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई टंकियों से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी, और क्या ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल पाएगी। फिलहाल, आमजन उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सरकार इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाएगी, ताकि लोगों को मूलभूत आवश्यकता—पानी—के लिए संघर्ष न करना पड़े।

# विधायक ने चलाया जनसंपर्क एवं जनसंवाद अभियान



अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। आज अपने नगर विधानसभा क्षेत्र के नगर पूर्वी मण्डल में भारतीय जनता पार्टी विशेष सम्पर्क अभियान के अंतर्गत भरूहना ग्रामीण दलित बस्ती में जनसंपर्क एवं जनसंवाद कर ग्रामीण भाइयों-बहनों से आत्मीय संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याओं को सुना तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही योजनाओं से संबंधित बुकलेट प्रदान कर उन्हें जागरूक किया। इस अवसर पर साथ में मंडल अध्यक्ष भाजपा नगर पूर्वी श्रीमती डॉली अग्रहरि जी, नगर महामंत्री भाजपा श्री राजेश कुमार जी, नगर उपाध्यक्ष भाजपा श्री विजयपाल जी, नगर उपाध्यक्ष श्री अमित चंदेल जी, नगर उपाध्यक्ष भाजपा श्री गोवर्धन यादव जी, नगर मंत्री भाजपा श्री निशांत द्विवेदी जी, भरुहना शक्ति केंद्र संयोजक श्री जितेंद्र प्रजापति जी, श्री सुनील मुसद्दी जी, श्री कौशलेंद्र तिवारी जी, बूथ अध्यक्ष श्री भोला गुप्ता जी, श्री महेश कुमार जी, श्री जगदीश सोनकर जी, श्री सुनील मोदनवाल जी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# करहिया में वर्षों से बंद पड़ा स्वास्थ्य केंद्र: ताला लटका, डॉक्टर-स्टाफ गायब; ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

अमन लेखनी समाचार

कोन सोनभद्र। दुद्धी तहसील के कोन विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करहिया में स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय व एएनएम सेंटर की लापरवाही का मामला एक बार फिर सामने आया है। यहां वर्षों से केंद्र पर ताला लटका है, जबकि नियुक्त चिकित्सक, एएनएम व अन्य कर्मचारी गायब हैं। इससे नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को दूसरी बार प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि तैनात डॉक्टर व कर्मचारी बिना ड्यूटी किए वर्षों से वेतन उठा रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। केंद्र बंद होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज जाना पड़ रहा है, वहीं बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह बदहाल हो चुका है। परिसर में गंदगी और झाड़ियां उगी हुई हैं, जिससे स्पष्ट है कि लंबे समय से यहां कोई गतिविधि नहीं हुई है।

### दूसरी बार सड़कों पर उतरे ग्रामीण

बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे समाजसेवी कुंदन यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीण रामनिहोर ने बताया कि ह्लकई वर्षों से अस्पताल बंद है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।ह्व प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारी केवल औपचारिक जांच करने पहुंचे और स्थानीय लोगों से हस्ताक्षर कराने में जुटे रहे। कार्रवाई की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर संबंधित चिकित्सक व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और केंद्र को तत्काल चालू कराने की मांग की। प्रदर्शन में कुंदन यादव, रामनिहोर, बाबूलाल, देवकुमार, बजरंगी, द्वारिका, ब्रह्मदेव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने क्या कहा

मुख्य चिकित्साधिकारी पी.के. राय ने बताया कि केंद्र पर फार्मासिस्ट व सीएचओ की तैनाती है और मामले की जांच के लिए सीएचसी अधीक्षक को निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान संबंधित चिकित्सक व स्टाफ का मार्च माह का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## एक दिन का ट्रेलर रिलीज दिखी ऑफिस वाली लव स्टोरी

मुंबई। एक तरफा प्यार करने वाले अक्सर कल्पनाएं खूब करते हैं। दुआएं भी काल्पनिक होती हैं। कुछ ऐसा ही फिल्म 'एक दिन' के गुरुवार को रिलीज हुए ट्रेलर में देखने को मिला है। साई पल्लवी और जुनैद खान अभिनीत फिल्म 'एक दिन' का दूसरा ट्रेलर जारी हो गया है। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री है। रोमांस है। एक तरफा प्यार है। और, एक कोरी काल्पनिक कहानी है। ट्रेलर की शुरुआत ऑफिस के एक दृश्य से होती है। जुनैद आईटी विभाग में हैं। साई पल्लवी भी उसी ऑफिस में हैं। उनके किरदार का नाम मीरा है। जुनैद खान का किरदार मीरा को मन ही मन पसंद करता है, लेकिन दिल की बात कहने की हिम्मत नहीं है।

लाइफ Style



## शरवरी

### मधुबाला की बायोपिक में निभाएंगी लीड रोल!

दिग्गज अभिनेत्री मधुबाला के जीवन पर बनने वाली फिल्म में उनकी भूमिका निभाने के लिए अभिनेत्री की तलाश जारी है। इस प्रोजेक्ट से कई बड़े नाम पहले ही जुड़ चुके हैं। वहीं, अब मधुबाला की बायोपिक में मुख्य भूमिका के लिए अभिनेत्री शरवरी के नाम पर भी विचार किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


मधुबाला की बोयपिक में अभिनेत्री शरवरी की कास्टिंग की चर्चाएं तेज हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'शरवरी को फिल्म में लिए जाने की चर्चाएं सच हैं। कहा जा रहा है कि इस रोल के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है, उनमें शरवरी अब टॉप चॉइस में से एक हैं'। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अभी यह भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि औपचारिक बातचीत चल रही है या शरवरी को इस प्रोजेक्ट के लिए साइन कर लिया गया है। मधुबाला की बायोपिक बॉलीवुड के सबसे ज्यादा चर्चित आगामी प्रोजेक्ट्स में से एक है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सारा अर्जुन, कल्याणी प्रियदर्शन, साई पल्लवी और अनीत पड्डा जैसी एक्ट्रेस को मधुबाला की भूमिका अदा करने के लिए अप्रोज किया गया था। रिपोर्ट्स में बताया गया कि इस रोल के लिए अनीत पड्डा एक मजबूत दावेदार हैं। हालांकि, अब रेस में सबसे आगे शरवरी का नाम चल रहा है। इस बायोपिक का निर्देशन जसमीत के. रीन कर रही हैं। उन्हें नेटफ्लिक्स की चर्चित फिल्म 'डार्लिंग्स' के निर्देशन के लिए भी जाना जाता है। उम्मीद है कि फिल्म के मेकर्स जल्द ही कास्ट के बारे में और अधिक डिटेल्स शेयर कर सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला




## शेयर किए सिनेमाकॉन के खास पल

लॉस एंजिल्स। लॉस वेगास में चल रहे सिनेमाकॉन फिल्म समारोह में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने भी अपनी फिल्म का प्रदर्शन किया। उनकी फिल्म 'डिगर' की कुछ फुटेज यहां दिखाई गई। इसके साथ ही फिल्म उद्योग के लिए 2026 की आशाजनक शुरुआत को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने लॉस वेगास के सीजर्स पैलेस में आयोजित इस समारोह के खास पल सोशल मीडिया पर शेयर किए। एक्टर के साथ उनकी फिल्म के निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारितु भी स्टेज पर दिखाई दिए।



## अमेरिकन म्यूजिक अवाड्र्स... की हुई घोषणा, सबसे आगे हैं टेलर

लॉस एंजिल्स। हर साल अमेरिका में होने वाले अमेरिकन म्यूजिक अवाड्र्स की घोषणा हो चुकी है। इस साल 2026 में होने वाले अमेरिकन म्यूजिक अवाड्र्स की रेस में टेलर स्विफ्ट सबसे आगे हैं। क्योंकि उन्हें कुल 8 नॉमिनेशन मिले हैं। उनके ठीक पीछे सबरीना कारपेंटर, ओलिविया डीन, सोमब्र और मॉर्गन वॉलन हैं। इन चारों को 7-7 नॉमिनेशन मिले हैं। जबकि लेडी गागा और एलेक्स वॉरेन को 6-6 नॉमिनेशन मिले हैं। ओलिविया डीन और सोमब्र को पहली बार 7-7 नॉमिनेशन मिले हैं। कुल 11 नई कैटेगरी जोड़ी गई हैं, जैसे ब्रेकथ्रू एल्बम, बेकआउट टूर, सॉन्ग ऑफ द समर शामिल है। अवार्ड शो लास वेगास में आयोजित किया जाएगा। अमेरिकन म्यूजिक अवाड्र्स दुनिया का सबसे बड़ा अवॉर्ड है, जिसे प्रशंसक की वोटिंग के आधार पर चुना जाता है। इसकी शुरुआत 1973 में डिक क्लार्क ने की थी।



## कॉकटेल-2 का बीटीएस वीडियो किया शेयर

मुंबई। रश्मिका मंदाना ने गुरुवार को अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक बीटिएस वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। यह वीडियो उनकी फिल्म के गाने 'जब तलक' का है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन एक साथ फिल्म 'कॉकटेल 2' में काम कर रहे हैं। यह फिल्म होमी अदजानिया निर्देशित कर रहे हैं। रश्मिका ने इटली के सिसिली में 'जब तलक' गाने की शूटिंग का मजेदार वीडियो आज इंस्टाग्राम पर शोयर किया है। इस बीटीएस वीडियो में शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनके मस्ती भरे पल दिखाए गए हैं। रश्मिका फिल्म 'कॉकटेल 2' में दीया का रोल निभा रही हैं। उन्होंने वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'दीया की डायरी का एक पन्ना। हमने सिसिली में 'जब तलक' गाने की शूटिंग की।



## 100 प्रभावशाली लोगों में रणबीर शामिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता रणबीर कपूर अपनी आगामी फिल्म 'रामायण' की तैयारियों में जुटे हैं। इसका पहला पार्ट इसी साल दिवाली पर रिलीज होगा। एक्टर फिल्म में भगवान राम की भूमिका अदा करते दिखेंगे। इस बीच अभिनेता एक और वजह से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल, टाइम मैग्जीन ने 2026 के 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों की सूची जारी की है। इस सूची में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर का भी नाम शामिल है। रणबीर की इस उपलब्धि पर आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर रणबीर की इस उपलब्धि पर तारीफ की है। उन्होंने एक्टर की फोटो के साथ लिखा है, 'बहुत शानदार बेबी'। उन्होंने उस फीचर का लिंक भी साझा किया है, जो रणबीर कपूर के लिए लिखा गया है।

टीवी मसाला



## बैटलग्राउंड 2: प्रतियोगी शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का करेंगे सामना

नई दिल्ली। मेकर्स द्वारा जारी किए गए 'बैटलग्राउंड 2' के ट्रेलर में चार टीम मालिकों को दिखाया गया है - प्रियंका चाहर चौधरी की टीम मुंबई स्ट्राइकर्स, खेसारी लाल यादव की टीम हरियाणा बुल्स, अभिषेक मल्हान की टीम दिल्ली डोमिनेटर्स और राहुल चौधरी की टीम यूपी दबंग्स। एक बार फिर सुपरमेंटर शिखर धवन टीम की कमान संभाल रहे हैं, जो अपने अनुभव और जोश से प्रतियोगिता को और भी रोमांचक बना देंगे। रस्क मीडिया और बानिजय एंटरटेनमेंट का बनाया 'बैटलग्राउंड सीजन 2' 18 अप्रैल को प्रीमियर होने के लिए तैयार है। चार टीमों में बंटे 16 प्रतियोगी शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करेंगे। उन्हें प्रतिदिन ऐसे टास्क दिए जाएंगे जो उनकी परीक्षा लेंगे, साथ ही हाई-वोल्टेज 'फाइट क्लब वीकेंड' के मुकाबलों से एलिमिनेशन होगा। अंत में, केवल एक पुरुष और एक महिला कंटेस्टेंट ही भारत के 'अल्टीमेट फिटनेस स्टार' का खिताब जीतेंगे। इसका प्रोमो भी मजेदार है जिसमें सभी चार टीमों के मालिकों ने कमर कस ली है और एक-दूसरे पर कड़ा प्रहार भी कर रहे हैं। शिखर धवन ने एक्साइटमेंट जताते हुए कहा, 'सीजन 1 ने हमें दिखाया कि इस प्रारूप में किस तरह का जुनून और क्षमता झलकती है, और मैं इससे भी बड़े सीजन 2 के लिए वापस आकर बहुत उत्साहित हूं। इस बार, चुनौतियां और भी कठिन हैं, और सफर और भी चुनौतीपूर्ण है। मुझे सबसे ज्यादा खुशी प्रतियोगियों को अपनी असली क्षमता का पता लगाते हुए देखने में होती है।'

### 14 साल का वनवास हुआ खत्म

नई दिल्ली। रियलिटी शो लाफ्टर शेफ के सेट पर कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक, उनकी पत्नी और एक्ट्रेस कश्मीरा शाह, गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा के साथ नजर आईं। तीनों ने हंसते-मुस्कुराते हुए पैपराजी को साथ में पोज दिए। साथ ही अपने बेहतर हो चुके रिश्ते को लेकर भी सिचुएशन साफ की। वायरल वीडियो में सुनीता आहूजा, कृष्णा और कश्मीरा शाह पैपराजी के सामने खूब मस्ती-मजाक करते हैं। इस बीच सुनीता कहती हैं, '14 साल का वनवास खत्म हुआ।' इस पर कृष्णा और कश्मीरा मुस्कुराते हैं। बता दें कि बीते कुछ वर्षों में कश्मीरा और सुनीता आहूजा के बीच मनमुटाव की खबरें आती रहीं। साथ ही कुछ इंटरव्यू में भी कृष्णा अभिषेक ने अपनी मामी सुनीता आहूजा को लेकर नाराजगी जाहिर की। इन बातों से फैंस को अंदाजा हो गया कि इनके सबके रिश्ते में दरार पड़ चुकी है। सुनीता आहूजा, कृष्ण अभिषेक के वायरल वीडियो में एक जगह पर कश्मीरा शाह कहती हैं, 'अब किसी और का होगा वनवास।' इसके बाद सुनीता जोर-जोर से हंसती हैं।



## आने वाली हैं अजय की ये पांच मूवीज चार हैं ब्लॉकबस्टर के सीक्वल

नई दिल्ली। अजय देवगन की भले ही शाहरुख खान, सलमान खान या अक्षय कुमार जैसी पॉपुलैरिटी नहीं हो, लेकिन बिना शोर-शराबे के खूब पॉपुलैरिटी हासिल की है। उनका स्टारडम इनमें से किसी भी स्टार से कम नहीं है। एक से बढ़कर एक ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। उनकी फिल्मों को फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब उनकी कई और फिल्में आने वाली हैं, जिसे लेकर फैंस एक्साइटेड हैं। अजय देवगन आखिरी बार 'सन ऑफ सरदार 2' में दिखाई दिए थे, जो 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'सन ऑफ द सरदार' का सीक्वल है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। अब अजय की 5 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आने वाली हैं। इनमें से तीन सुपरहिट फिल्म के सीक्वल हैं। अजय देवगन ने हाल में ही 'गोलमाल 5' का इंट्रोडक्शन वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में अक्षय कुमार भी दिखाई दिए, जिससे इस फिल्म को लेकर लोगों की एक्साइमेंट बढ़ गई है। इतना ही नहीं, फिल्म के पहले पार्ट 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' से शरवन जोशी की भी वापसी हो रही है। पहली फिल्मों में हमेशा अजय देवगन



के साथ एक फीमेल लीड रही है। 2006 में आई 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' में रिमी सेन थीं।'

**धमाल 4**: अजय देवगन मल्टीस्टारर फिल्म 'धमाल 4' में भी नजर आएंगे। 'टोटल धमाल' के बाद वह दूसरी बार इस फिल्म के साथ जुड़ रहे हैं। फिल्म इस साल के आखिरी में या फिर अगले साल बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी।

**शैतान 2** : पिछले साल फरवरी में आई गुजराती फिल्म 'वश' के रीमेक 'शैतान' को ऑडियंस ने खूब पसंद किया। अजय ने एक पिता की भूमिका में दमदार अदाकार दिखाई। इसमें उनके अपोजिट ज्योतिका थीं। वह अब इसके सीक्वल 'शैतान 2' में नजर आएंगे।

**भोला 2**: तमिल फिल्म कैथी के रीमेक 'भोला' को भी सराहा गया। लॉकडाउन के बीच रिलीज हुई इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पांस मिला। अब वह इसके सीक्वल में भी लीड रोल निभाएंगे। 'भोला 2' भी अगले साल रिलीज होने की संभावना है।

**दृश्यम 3** : अजय देवगन की सबसे पॉपुलर और हिट फ्रेंचाइजी 'दृश्यम 3' इस साल 2 अक्टूबर को रिलीज होगी। अजय ने पिछले साल दिसंबर में ही इसकी रिलीज डेट अनाउंसमेंट कर दी थी। इससे पहले मोहनलाल स्टारर 'दृश्यम 3' भी मई में रिलीज होगी।

**रैंजर** : इनके अलावा, अजय देवगन एक्शन फिल्म रैंजर भी अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी. कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 'रैंजर' में संजय दत्त और तमन्ना भाटिया भी अहम किरदार में हो सकते हैं।

## जुबिन ने गुपचुप रचाई शादी

### बचपन की प्रेमिका को बनाया हमसफर

मुंबई। बॉलीवुड के मशहूर गायक जुबिन नौटियाल ने अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दिया है। गायक जुबिन नौटियाल ने उत्तराखंड में अपने घर में अपनी बचपन की प्रेमिका से शादी कर ली है। बताया जा रहा है कि यह एक निजी शादी समारोह था। जुबिन ने उत्तराखंड की खूबसूरत पहाड़ियों में बहुत ही साधारण और पारंपरिक तरीके से शादी की। इस शादी में सिर्फ परिवार के सदस्य ही शामिल थे। कोई बड़ी दावत या मीडिया नहीं था। जुबिन हमेशा अपनी निजी जिंदगी को प्राइवेट रखते हैं। उन्होंने शांतिपूर्ण और सादगी भरी रस्मों के साथ शादी कर ली है। अभी जुबिन ने अपनी पत्नी का नाम सार्वजनिक रूप से नहीं बताया है, लेकिन फैंस को उम्मीद है कि जल्द ही वे अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करेंगे। जुबिन नौटियाल एक बहुत लोकप्रिय पार्श्व गायक हैं। उन्होंने अब तक 200 से ज्यादा गाने गाए हैं। वे उत्तराखंड के देहरादून शहर के रहने वाले हैं।




### कॅरियर में गाए सैंकड़ों शानदार गीत, लाइमलाइट से रहती हैं दूर

## लता और आशा की परछाई बन छोटी बहन ने सिनेमा में छोड़ी छाप

*नई दिल्ली। मंगेशकर परिवार लंबे समय से संगीत की दुनिया में काफी दबदबा रहा है। लता मंगेशकर से लेकर आशा भोसले तक बारी-बारी से इन्होंने अपनी गायिकी से हर फैंस के दिलों पर राज किया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि लता और आशा की सबसे छोटी बहन उषा मंगेशकर हैं, जो अपनी बड़ी बहनों की परछाई बनकर रहीं। लाइमलाइट से दूर रहने वाली उषा मंगेशकर ने गायिकी के क्षेत्र में अपने परिवार का नाम रोशन किया।*

### हिंदी सिनेमा में काफी रहीं लोकप्रिय

सुरों की कोकिला लता मंगेशकर के जरिए उनके परिवार को इंडस्ट्री में पहचान मिली। लता के अलावा उनकी तीन बहनें और एक भाई भी फैमिली में शामिल रहे। जिनमें मीना खाड़ीकर, आशा भोसले, उषा मंगेशकर और हृदयनाथ मंगेशकर के नाम मौजूद हैं। उषा मंगेशकर बहनों के लिहाज से परिवार की सबसे छोटी बेटी रहीं। संगीत और गायिकी का हुनर उन्होंने अपनी दोनों बड़ी बहनें लता और आशा से सीखा। बतौर गायिका वह हिंदी सिनेमा में काफी लोकप्रिय रहीं। उन्होंने साल 1952 में आई फिल्म सुबह का तारा के जरिए अपने सिंगिंग करियर का आगाज किया।



### कई भाषाओं में गाए गाने

इस तरह से उषा मंगेशकर ने हिंदी और भोजपुरी सहित कई भाषाओं में सैंकड़ों से अधिक गाने गाए। बताया जाता है कि 90 वर्षीय उषा ने बड़ी बहन लता मंगेशकर की देखभाल की खातिर कभी भी शादी नहीं की।

### आशा के अंतिम संस्कार में हुईं शामिल

अपनी बड़ी बहन आशा भोसले के निधन के बाद उषा मंगेशकर लंबे समय बाद स्पॉट हुईं। वह मुंबई में आशा के अंतिम संस्कार में शामिल हुईं, जहां उषा ने अपनी बहन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### थोड़ी देर से मिली कामयाबी

उनका पहला गाना भाभी आई बड़ी धूमधाम से... रहा। चूंकि उषा मंगेशकर की दो बहने पहले से हिंदी सिनेमा में अपनी गायिकी की धाक जमा चुकी थीं, तो उस लिहाज से उषा को कामयाबी थोड़ी देर से मिली, लेकिन जब मिली तब हर कोई उनका कायल हो गया। साल 1975 में आई फिल्म जय संतोषी मां के सभी भजन गीतों को अपनी सुरीली आवाज में गाकर उषा मंगेशकर ने शोहरत हासिल की और वह अपनी बड़ी बहनों की तरह एक पॉपुलर प्लेबैक सिंगर बन गईं। गौर किया जाए उषा मंगेशकर के पॉपुलर गीतों की तरफ तो वे इस प्रकार हैं-

- भाभी आई बड़ी धूमधाम से
- चली चली कैसी हवा ये चली
- देखो बिजली डोले बिन बादल की
- काहे तरसाए जयारा
- नमना लाज येस्तारी
- मैं तो आरती उतारूं रे संतोषी माता की
- मुंगड़ा
- रंग जमाके जायेंगे
- गोरो की ना कालों की